CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

लखनऊ, शनिवार 4 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 334 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल पेज 2



अहमदाबाद टेस्ट में केएल राहुल, जुरेल और जडेजा ने जड़े शतक खेल टाइम्स




पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता सम्पादकीय



अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन पेज 12

## ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत: सीतारमण

शाह टाइम्स ब्यूरो



2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनने का टारगेट, इसके लिए 8 प्रतिशत ग्रोथ रेट जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है। सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। शुक्रवार को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव (केईसी) का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेम्पररी डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में हुई एमपीसी की मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रही हैं। हाल की जी-20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा।

## वांगचुक की हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने याचिका दायर की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

श्रीमती अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

### चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं।

### कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा में पात्रता के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला करते हुए कहा है कि 12वीं में जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समान रूप से स्नातक प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि 'एक देश-एक कृषि-एक टीम' की भावना के अनुरूप, देश भर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह को एक समान कर दिया गया है, जिससे अब छात्र राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी - आईसीएआर) के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से कृषि पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों की 20 प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी।

### उत्तरकाशी की पुरोला तहसील क्षेत्र में भूकम्प के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की पुरोला तहसील अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनपद आपदा परिचालन केंद्र ने बताया कि समय रात एक बजकर 42 मिनट पर तहसील पुरोला के ग्राम गुन्दियाटगांव एवं महरगांव क्षेत्रान्तर्गत, भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 2.1 दर्ज की गई। भूकम्प की गहराई सतह से पांच किमी नीचे और इसका केन्द्र ग्राम गुन्दियाटगांव एवं डोखरीयानी के मध्य स्यालुका में था।

## भारतीय जेट गिराने के दावे 'मनोहर कहानियां' : एपी सिंह

### आईएएफ चीफ ने कहा: पाकिस्तान के पास अगर सबूत हैं, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाएं।




सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया था

भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ-16 और जे-17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एयरफोर्स चीफ ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे (भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने-की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था।

#### भारत ने पाक के एफ-16 और जे-17 गिराए

### दुनिया के नक्शे में रहना है, तो आतंकवाद रोके पाक: सेना प्रमुख



**जयपुर/श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

## भारत ने बांग्लादेश के आरोप किए खारिज

### कहा: वहां की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराने वाले बांग्लादेश के आरोपों को झूठे और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल वहां की अंतरिम सरकार अपनी आदत के अनुसार इसका दोष किसी ओर पर मढ़ना चाह रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की गतिविधियों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और हमने इस बारे में कई मौकों पर बात की है, अंतरिम सरकार देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है और उसे बार-बार दोष किसी और पर मढ़ने की आदत है।

### अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के संपर्क में है भारत: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तक़ी की भारत यात्रा की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत करता रहा है और अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति ने श्री मुत्तकी को अगले सप्ताह भारत यात्रा पर आने की छूट दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में इससे संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि आप सभी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति द्वारा अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री की 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली यात्रा के लिए दी गई छूट देखी होगी। हम आपको इस संबंध में जानकारी देते रहेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि हम अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने की 61.53 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में रंगगीता एंटरप्राइजेज से जुड़े मामले में गोहिल जयकुमार और अन्य संबद्ध लोगों की विभिन्न तरह की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है। इनमें 61.53 लाख रुपये मूल्य के दो आवासीय फ्लैट, एक सावधि जमा और इक्विटी शेयरों के रूप में अन्य चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने गोवा पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा गोहिल और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

## कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी



**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

## देश में बाल-विवाह में छह गुना इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90 फीसदी है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नागालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, बाल

**असम में सबसे ज्यादा केस, शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का हुआ अपहरण**

विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह



भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। 26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र आम सभा के दौरान एक कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट 'टिपिंग पाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवर्ड्स ए चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' जारी की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि भारत ने बाल विवाह रोकथाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 से अब तक 4 लाख बाल विवाह रोके गए हैं। बाल विवाह निरोधक कानून बनने के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि इस रफ्तार से यह कुरीति खत्म करने में 300 साल लग जाएंगे।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और उनके बेटों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुता. बिक यह घटना बीती रात करीब नौ बजे हुई। उपमुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात लैब असिस्टेंट रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की कार से हो गई। गाड़ी टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद इंस्पेक्टर के घर तक पहुंचा। आरोप है कि अनिल कुमार सिंह अपने बेटों के साथ मिलकर रवींद्र से गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरू करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खड़गे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुटी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह स्वस्थ हैं और सभी को शुभकामना देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा जल्द ही अपना काम शुरू करने का है।

## आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान भीषण हादसा

# नदी में डूबे 13 युवक, पांच लाशें निकाली गई

आगरा, वार्ता



■ बुलाई गई सेना, अब तक भी आठ का पता नहीं चल सका

आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है। खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर आपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही।

अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है। ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए, जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं। ए हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया।

### नवरात्र के नौ दिन की खुशियां, फिर दर्दनाक हादसा, डूब गए दो भाई

आगरा। उत्साह, मस्ती और खुशी के कुछ समय बाद चीखें, गम और मातम। यह दृश्य बन गया फतेहाबाद के गांव कुसियापुर का। नवरात्र के अंतिम दिन गांव के दर्जनों लोग देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने धूमधाम के साथ निकले। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि यह खुशियां एकदम से मातम में बदल जाएंगी। मूर्ति विसर्जन के समय गांव के ओमपाल और गगन की यमुना में डूबने से मौत हो गई। दोनों परिवार में मौत की सूचना से चीख-पुकार मच गई। एक मां को विसर्जित करते समय किसी ने नहीं सोचा था कि दूसरी मां की गोद में उनके लाडले समा जाएंगे। गांव कुसियापुर के ओमपाल और गगन भी ग्रामीणों के साथ गुरुवार को यमुना में देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने गए थे। ओमपाल अपने परिवार का पालन करने वाला एकमात्र सहारा था। उसके पिता रमेश चंद्र का पहले ही देहांत हो चुका है।

## मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ राजस्थान सरकार खरीद रही सेंपल फेल हुई दवाएं

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ साठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है, जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं, लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुए, राजस्थान सरकार ले उससे दवा रही, नतीजा दो बच्चों की मौत। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं, लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़िदगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।

## बरेली बवाल में नया खुलासा: आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मौलाना को खुश करने के लिए पोस्ट डाल भड़काया माहौल

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद -ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी व फैजान सकलैनी समेत दो आरा. पी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। कोतवाली से ही दोनों आरो. पियों को दाखिल किया गया।

मुनीर की गिरफ्तारी उसके घर से दिखाई गई। बिहारीपुर क्षेत्र निवासी मुनीर इदरीसी कफी समय से इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल का मीडिया प्रभारी है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शुक्रवार को मुनीर अपने घर से कहीं भागने की तैयारी में था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पुलिस ने कोतवाली में पूछताछ की। उसने स्वीकार किया कि बवाल कराने को उसने भड़काऊ पोस्ट डाली थी। हालांकि उसने बताया कि मौलाना तौकीर की मंडली में शामिल सभी लोग खुद को ज्यादा होशियार दिखाकर मौलाना को खुश करने का प्रयास करते थे। उसने भी ऐसा ही किया। मुनीर ने बताया कि जब नफीस व नदीम ने भीड़ के न आने की आईएमसी की कथित चिठी वायरल की तो दूसरे साथियों के संग उसने भी मौलाना को भड़काने का काम किया। उसने शुक्रवार को सुबह से ही कुछ और वीडियो व मौलाना के तीखे बयान सोशल मीडिया पर समूह में वायरल किए। ऐसा करके उसनेफरहत व मौलाना की करीबी की काट करने की कोशिश की। मुनीर इदरीशी ने पुलिस को बताया कि मौलाना उसे हर महीने मामूली वेतन देता था। इससे उसका काम नहीं चलता था। इसके अलावा वह मौलाना से जुड़े लोगों से आर्थिक मदद लेकर अपने परिवार का खर्चा चलाता था।

## एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ए भी है। भाजपा सरकार के काम को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, पीड़ा भरी आंख से भी देखा जाए। उप्र में दलित दमन चरम पर है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि एक टीवी शो इस आंकड़े पर भी होना चाहिए। एक होर्डिंग इस सच का भी लगना चाहिए।

एक विस्तृत रिपोर्ट इस पर भी समाचार के रूप में प्रसारित-प्रकाशित होनी चाहिए। एक एसआईटी इसकी विवेचना के लिए भी बननी चाहिए। एक अध्याय इसके लिए भी, पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। घ्एक जांच आयोग इसके लिए भी बैठाया जाए। एक विशेष वाहिनी, दलित-दमन के उन्मूलन के लिए भी बनाई जाए। एक श्वेतपत्र इस काले अपराध पर भी आना चाहिए। एक रोड शो इस समस्या के बारे में भी जागरूकता फैलाने के लिए निकाला जाए। एक 'पांच हज़ार वर्षीय' आयोजन, इस ऐतिहासिक उत्पीड़न की 'पंच सहस्राब्दी' के रूप में, चेतना जगाने के लिए भी आयोजित किया जाए।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए, वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143140
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

### सेंसेक्स 224 अंक मजबूत



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207. 17 अंक पर बंद हुआ। लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3. 40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2. 16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1. 84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए। एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे, जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया, हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विद. ेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गई। इसी दौरान स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। आलोच्य सप्ताह में विशेष आहरण अधिकार नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.789 अरब डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.9 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 4.673 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल दालों में रही घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति कुंतल हो गयी। गेहूं के भाव तीन रुपए घटकर 2,864.91 रुपए प्रति कुंतल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गयी और यह 3,310.96 रुपए प्रति कुंतल बिका। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति कुंतल महंगा हुआ। वहीं सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति कुंतल घट गयी। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति कुंतल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति कुंतल बढ़ गई। मूंग दाल की औसत कीमत 45 रुपए और उड़द दाल की 101 रुपए प्रति कुंतल घट गई। तुअर दाल 33 रुपए और मसूर दाल में 25 रुपए प्रति कुंतल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 66 रुपए प्रति कुंतल गिर गयी। चीनी का भाव भी 20 रुपए प्रति कुंतल घट गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7914.38 रुपए, मसूर काली 8148.02 रुपए, मूंग दाल 10110.11 रुपए, उड़द दाल 10400.59 रुपए, अरहर दाल 10541.70 रुपए प्रति कुंतल। अनाज : (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2864.91 रुपए और चावल 3841.46 रुपए प्रति कुंतल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.68 रुपए और गुड़ 5019.45 रुपए प्रति कुंतल बोले गए।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगेंगे परियोजना सूचक क्यूआर कोड साइन बोर्ड

■ सूचना देने को 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी देने के लिए परियोजना विशिष्ट-जानकारी तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर तथा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं की सूचना देने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

एनएचएआई ने यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और 'आवागमन में सुगमता' की सुविधा मिले सकेगी। इन साइन बोर्डों को आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर स्थापित किया जाएगा और 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' लगाकर इनको राजमार्ग का उपयोग करने वालों के लिए ज्यादा युक्तसंगत बनाया जाएगा। इनके जरिए यात्रियों को राजमार्ग के किनारे स्थित सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय आदि की जानकारी मिलेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। प्राधिकरण का कहना है कि ये ऊर्ध्वाधर क्यूआर कोड साइन बोर्ड परियोजना-विशिष्ट जानकारी भी देंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, राजमार्ग श्रंखलन, परियोजना की लंबाई, निर्माण, रखरखाव अवधि, राजमार्ग गश्ती दल, टोल प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट अभियंता, आपातकाल. ीन हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के विवरण के साथ-साथ नजदीक स्थित अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा तक की दूरी, ट्रक ले-बाय, पंचर मरम्मत की दुकान और वाहन सेवा केन्द्र, ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी शामिल होगी। एनएचएआई का विश्वास है कि इस प्रयास के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति उपयोगकर्ता अनुभव और जागरूकता लाने और राजमार्ग सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## राहुल विदेश में देश की छवि खराब कर रहे: भाजपा



■ 140 पुरानी पार्टी के नेता ने देश विरोधी बयान दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। दूसरी तरफ देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से संस्थानिक सुधार (स्ट्रक्चर रिफॉर्म) किया है, उससे वह बहुत शक्तिशाली बना है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता गांधी जब विदेश जाते हैं, तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन पर हुई केस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष चार देशों में शामिल है, क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरा सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है, जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जब गांधी को भारत के किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं बुलाया जाता है, तो फिर सवाल उठता है कि उन्हें भारत के बाहर ही क्यों बुलाया जाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 'बुद्धिजीवी वर्ग संगठन की रीढ़': त्रिलोक त्यागी

## लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच का प्रथम प्रदेश सम्मेलन सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल ख्र उत्तर प्रदेश के प्रोफेशनल मंच का प्रथम प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आज प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल की अध्यक्षता में अत्यंत गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक स्व. चौधरी चरण सिंह और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अजीत सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने त्रिलोक त्यागी का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपने उद्बोधन में त्रिलोक त्यागी ने कहा कि प्रोफेशनल मंच पार्टी की विचारधारा और नीतियों को शिक्षा, तकनीक और पेशेवर क्षमता वाले समाज के वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने डॉक्टरों, अधिवक्ताओं, इंजीनियरों, शिक्षकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी भागीदारी से संगठन मजबूत होगा। त्यागी ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया और कहा कि महिलाएं जब संगठन में आगे आती हैं तो समाज के हर हिस्से तक पार्टी की आवाज पहुंचती है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों से प्रेरणा लेते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थ त्यागकर राष्ट्रहित के लिए कार्य किया, उसी प्रकार हमें भी राष्ट्रीय लोकदल और समाजहित के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने अम्बुज पटेल को प्रदेश



अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में यह मंच निरंतर आगे बढ़ेगा। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि प्रोफेशनल मंच संगठन की रीढ़ साबित होगा और युवा प्रोफेशनल्स की भागीदारी से पार्टी और अधिक जनोन्मुखी बनेगी। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने अम्बुज पटेल की ऊर्जा, उत्साह और संगठन क्षमता पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिम्मेदारी निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मंच डॉक्टरों, वकीलों, शिक्षकों, इंजीनियरों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अन्य प्रोफेशनल वर्ग को जोड़कर पार्टी की नई धुरी बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जयंत चौधरी के नेतृत्व और त्रिलोक त्यागी के मार्गदर्शन में प्रोफेशनल मंच उत्तर प्रदेश में नई पहचान बनाएगा और हर वर्ग की आवाज़ को राजनीतिक मंच तक पहुंचाएगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि प्रदेश भर से आए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन ऐतिहासिक बन सका। सम्मेलन में रजनीकांत मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी संतोष यादव, बी.एल. प्रेमी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, श्रीश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव, प्रोफेशनल मंच, डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव, शैलेश सिंह, रमाबती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, सम्राट सिंह चौहान, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सुरजीत श्रीवास्तव, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, शालिनी सिंह, नम्रता शुक्ला, जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी, सुमित सिंह, मुकेश कुमार वर्मा, पी.के. पाठक, विवेक वर्मा, सर्वेश वर्मा, गयासुद्दीन सिद्दिकी, सरताज मलिक, विकास सिंह, हेमचंद्र मिश्रा, रेखा राठौर, लियाकत अली सहित सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लखनऊ में नगर निगम कर्मचारियों की जनजागरण बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर पूर्व घोषित आन्दोलन के अंतर्गत नौ अक्टूबर को प्रस्तावित विशाल धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए नगर निगम लखनऊ इकाई के संयुक्त संगठनों द्वारा आज जोन सात और जोन चार कार्यालयों पर जनजागरण बैठकें आयोजित की गईं।

इन बैठकों में महासंघ के सहयोगी संगठन नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, नगर निगम आर.आर. कर्मचारी संघ, जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोह्वसग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठकों में वक्ताओं ने कर्मचारियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में नौ अक्टूबर को लखनऊ में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन में शामिल होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वेतन, पेंशन, ग्रेच्युटी, भविष्य निधि और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए यह आंदोलन जरूरी है। सभी संगठनों ने एकजुट होकर महासंघ के आह्वान का समर्थन करने और आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

# सीतापुर में नगर मजिस्ट्रेट की छवि धूमिल करने का प्रयास नाकाम

### होमगार्ड की गलती उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी के खिलाफ एक होमगार्ड द्वारा कथित दुर्व्यवहार का मामला मीडिया में उछालकर पेश किया गया, लेकिन जांच में वास्तविकता कुछ और ही सामने आई। मामला नवरात्र के दौरान हुआ, जब ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड मनोज कुमार की लापरवाही के कारण नगर मजिस्ट्रेट की पत्नी के पैर पर उनकी राइफल गिर गई। राइफल लोड थी और सेफ्टी पिन नहीं लगी थी। प्रारंभिक पूछताछ में होमगार्ड ने बताया कि राइफल की सेफ्टी पिन और टांगने वाली पटी के पिन टूटे हुए थे,

लेकिन जांच में यह तथ्य सामने आया कि पटी और पिन पूरी तरह ठीक थे। नगर मजिस्ट्रेट ने होमगार्ड को सावधानी बरतने और लापरवाही न करने की नसीहत दी, जिससे वह नाराज हो गया और अपनी गलती छुपाने के लिए मामला मीडिया में विक्टिम कार्ड के रूप में प्रस्तुत किया। नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी ने कहा कि जब उन्होंने होमगार्ड से राइफल को लोड-अनलोड कर सेफ्टी पिन लगाने को कहा, तो होमगार्ड किसी प्रतिक्रिया में विफल रहा। आगे की पड़ताल में यह भी सामने आया कि 2008 के बाद जनपद के किसी भी होमगार्ड को प्रशिक्षण नहीं दिया गया। होमगार्ड कंपनी कमांडर गुलजार अली ने पुष्टि की कि राइफल पूरी तरह सुरक्षित थी। इस घटना से स्पष्ट हुआ कि नगर मजिस्ट्रेट के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं हुआ, और होमगार्ड ने अपने विक्टिम कार्ड का प्रयोग कर अपने द्वारा की गई लापरवाही और गलती को छुपाने का प्रयास किया।

## महिला आयोग की अध्यक्ष छह अक्टूबर को सीतापुर दौरे पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान छह अक्टूबर, सोमवार को जनपद सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी का भ्रमण करेंगी। अपने कार्यक्रम की शुरुआत वह प्रातः ग्यारह बजे दीन दयाल उपाध्याय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खैराबाद (सीतापुर) से करेंगी, जहां मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। इसके बाद डॉ. चौहान स्थानीय गेस्ट हाउस, सीतापुर में कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित करेंगी।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जन्मदिवस पर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

### गांधी-शास्त्री को अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं कृ मंत्री जयवीर सिंह ने दो अक्टूबर को अपना जन्मदिवस पूरी सादगी से मनाया।

उन्होंने अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि उनका जीवन समाजसेवा को समर्पित है। इस अवसर पर वे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्प ताल) पहुंचे, जहां इमरजेंसी



वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। पर्यटन मंत्री ने इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया से बातचीत में जयवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित होकर गरीब, दीन-दुखियों और समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना ही उनका परम उद्देश्य है। उन्होंने संकल्प लिया कि किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों की सेवा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर सिविल अस्पताल के उच्चाधिकारी, चिकित्साधिकारी और बड़ी संख्या में समर्थकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# दुर्वासा ऋषि आश्रम बनेगा पूर्वांचल का प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल

### विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये स्वीकृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने धार्मिक पर्यटन स्थलों के उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद आजमगढ़ स्थित प्राचीन दुर्वासा ऋषि आश्रम के पर्यटन विकास की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के अंतर्गत इस परियोजना के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस कदम से प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था तथा स्थानीय रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि दुर्वासा ऋषि आश्रम के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं और आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे न केवल आस्थामय वातावरण सुखद होगा बल्कि पूर्वांचल क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ की धरती प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही है। यहां दुर्वासा ऋषि, दत्तात्रेय और चंद्रमा ऋषि के धाम स्थित हैं, जिसके कारण इसे ऋषि-मुनियों की धरती कहा जाता है। दुर्वासा ऋषि आश्रम जिला मुख्यालय से लगभग चालीस किलोमीटर की दूरी पर तमसा और मंजूषा नदी के संगम स्थल पर स्थित है। सावन और कार्तिक मास सहित विभिन्न पर्वों पर यहां प्रतिवर्ष मेले का आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। पौराणिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संगम स्नान से मोक्ष की प्राप्ति होती है। आज भी इस अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले में विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं। मंत्री ने बताया कि महर्षि दुर्वासा बारह वर्ष की आयु में चित्रकूट से यहां आकर कई वर्षों तक साधना में लीन रहे।

## भगवामय दिखा शेरावाली का दरबार

**इन्हौना अमेठी।** शुक्रवार को भारी संख्या में मातारानी के भक्तों ने शेरावाली जगदम्बे मैया की आरती उतारी प्रसाद वितरण किया गया इसी कड़ी में पूरे गोसाईं पुरवा में सौरभ यादव रमेश कुमार यादव ने दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया वहीं अनुज मार्डन राइस मिल हनुमान मंदिर चिरैया में शेरावाली जगदम्बे मैया के दरबार में भक्तों ने शेरावाली जगदम्बे की आरती उतारी प्रधान संतोष कुमार सिंह ने सैकड़ों भक्तों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस दौरान दुर्गा पूजा पांडाल का नजारा भगवा रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया।

# 20 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिला

## परिजनों ने गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजार शुकुल अमेठी।** थाना क्षेत्र के सेवरा ग्राम सभा के पूरे निहाल गांव में शुक्रवार सुबह 20 वर्षीय युवक का शव उसके घर के अंदर फंदे से लटका पाया गया। मृतक की पहचान कृष्ण गोपाल के पुत्र देवगन चौहान के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने गांव के ही विनोद गौतम पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी पिछले तीन दिनों से देवगन को जान से मारने की धमकी दे रहा था। मृतक के परिवार के सदस्य राकेश चौहान ने बताया कि एक दिन पहले भी विनोद ने घेरकर मारने की कोशिश की थी, जिसकी शिकायत उन्होंने ग्राम प्रधान से की थी। परिजनों का दावा है कि आरोपी ने देवगन की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया।

बाजार शुकुल थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल का मुआयना किया जा रहा है और आसपास के लोगों से बयान लिए जा रहे हैं।पुलिस के अनुसार, यह घटना ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के लिए चौंकाने वाली है। मृतक के परिवार का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन को पहले भी संदिग्ध धमकियों की जानकारी दी गई थी। थाना प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी की संभावनाओं पर कार्यवाही शुरू कर दी है, इस घटना ने इलाके में सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/अमेठी।** स्वच्छता पखवाड़ा एंव गांधी जयंती के अवसर पर राजा कान्ह पीजी कालेज जगेसरगंज मे एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता शिविर मे स्वयं सेविकाओ द्वारा साफ सफाई के साथ साथ आयोजित संगोष्ठी मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

जगदीशपुर जायस रोड स्थित राजा कान्ह पीजी कालेज जगेसरगंज मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर के आयोजन मे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा सेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करके संक्रमण बीमारी का विनाश किया गया इसके उपरान्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित वक्ताओ ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना किया।इस अवसर पर प्रबंधक डाक्टर एसपी सिंह, प्राचार्य डाक्टर वीरेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर सीपी पांडेय समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आकर्षक रहा इन्हौना का मूर्ति विसर्जन जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना/अमेठी।** कस्बे में शुक्रवार को माता दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन जुलूस बड़ी ही धूमधाम गाजे बाजे के साथ विभिन्न देवी देवताओं की झांकियों के साथ निकाला गया विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही।

इन्हौना चौराहे से लेकर रत्नेश्वर मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई भक्तों ने शेरावाली जगदम्बे मैया तथा शोभायात्रा में हजारों लोग पैदल चल रहे थे जहां मौजूद समाजसेवियों ने विभिन्न देवी देवताओं की झांकियों की आरती उतारी और जय माता दी के जयकारे लगाए भक्ति भाव से भक्तों ने जयकारे लगाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। डीजे की धुनों और सजी हुई कई गाड़ियों में मूर्तियों को इन्हौना से



लेकर आदि गंगा गोमती के तट रीक्षघाट तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने नाचते-गाते हुए मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी और पूरे मार्ग में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम किशोर त्रिवेदी (बब्लू भैया) समाजसेवी नेता, शिरीष गुप्ता भावी प्रधान प्रत्याशी, दिनेश कुमार सिंह लपटू सियाराम दत्त मिश्रा,बच्चू लाल नेता, गुड्डू चौरसिया, राहुल चौरसिया, हरीश त्रिवेदी, यश त्रिवेदी, सौरभ यादव, रमेश कुमार यादव, भवानी पासवान डीडीसी प्रत्याशी, मनीष गुप्ता, तरुण गुप्ता, दीपू मिश्रा, अमित, तेजनारायण मिश्रा, सुनील पासी, गोपाल जी गुप्ता मुन्ना, शकील, सरफराज प्रधान, सतीश कुमार यादव प्रधान प्रतिनिधि पिपरी अहमदाबाद और पवन गुप्ता सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय युवाओं के सहयोग से विसर्जन जुलूस कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इन्हौना निकाली गई शोभायात्रा में इन्हौना के अलावा चिलौली, जिजौली, चौनापुर,पूरे गोसाईं पुरवा, बेनीगंज ,रामगंज ,मियां गंज, कोटवा नौखेडा डिघिया आजादपुर महमूसराय बिझौरा पिपरी अहमदाबाद आनंद नगर डांगी बरवलिया दुल्हन पुरवा कैथागांव पासिन पुरवा फरीदगढ आदि स्थानों की मूर्तियां शामिल रही।

# अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र कोतवाली नगर व थाना खैराबाद के आबादी क्षेत्र, मुख्य बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान कानून व्यवस्था को लेकर आमजन को आश्वस्त किया गया। जिलाधिकारी ने जुम्मे की नमाज के दौरान मुस्लिम वर्ग के धर्मगुरूओं से वार्ता कर उनके विचारों एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपील की कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फैलायी जा रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अफवाह फैलानें वालों की सूचना संबंधित को दें ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही हो सके।

उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई हैं ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न होने पाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्वसम्बन्धित को भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## शराब की दुकान में हुई चोरी

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र में लहरपुर - हरगांव मार्ग पर ग्राम रानीफार्म के निकट शराब की दुकान मौजूद हैं। बीती रात को अज्ञात चोरों ने दीवार में सेंध लगा दी। यहां से चोर नगदी सहित हजारों रूपए की विभिन्न प्रकार की शराब की पेटियों को लेकर फरार हो गए। दुकान संचालक हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर गडसारी बृजनगर निवासी रितेश जयसवाल पुत्र शत्रोहन लाल ने बताया कि दो अक्टूबर की रात को कुछ अज्ञात चोरों ने दुकान से बीस हजार रूपए व पॉस मशीन तथा दुकान से 15केन डूबरी, एक पेटी देशी जोशीला ब्रांड उठा ले गए। जिसकी अनुमानित कीमत हजारों में बताई जा रही है। पीडित रीतेश ने हरगांव थाने में तहरीर दी है।

# कक्षा 6 की छात्रा कु. संध्या जायसवाल बनीं एक दिन की जिला खाद्य विपणन अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारंभ प्रदेश सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर किया गया है।

इसके अंतर्गत जनपद अमेठी में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल, सैठा रोड गौरीगंज की कक्षा 6 की छात्रा कुमारी संध्या जायसवाल को एक



दिन के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमेठी बनाया गया। एक दिन की जिला खाद्य विपणन अधिकारी की भूमिका निभाते हुए कुमारी संध्या जायसवाल ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अमेठी डॉ. हरिश्चन्द्र प्रजापति से आगामी धान खरीद वर्ष 2025-26 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डॉ. प्रजापति ने उन्हें धान खरीद से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं से अवगत कराया तथा विपणन निरीक्षकों और कार्यालय स्टाफ से परिचय भी कराया।

इस अवसर पर संध्या को खाद्य विभाग द्वारा जनपद में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं, उन्होंने स्वयं कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने और पत्रावलियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। संध्या जायसवाल ने दिनभर की जिम्मेदारी निभाते हुए जनपद की कुछ चावल मिलों के प्रोपराइटर/पार्टनर और किसानों के साथ भेंटवार्ता भी की।

# प्रोजेक्ट प्रवीण से आत्मनिर्भर होंगे युवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत पूरे प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने इसके लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य आवंटित कर दिए हैं। कौशल विकास मिशन की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सभी प्रशिक्षण प्रदाता बीस अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण बैच प्रारम्भ करें। जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की अनुमोदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रशिक्षण केंद्रों पर पंजीकृत युवाओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी।

इस दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वितरण की प्रक्रिया की निगरानी जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगी। प्रशिक्षण प्रदाताओं को सामग्री वितरण और बैच प्रारम्भ की कम से कम तीन तस्वीरें तथा पावती रसीद मिशन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इससे ऑनलाइन मॉनिटरिंग और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अज्ञात वाहन ने छात्रा को रौंदा, मौत

## हादसे में पिता भी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना रहरा क्षेत्र के गांव खेलिया खालसा निवासी ओमकार पुत्र कुंवर पाल अपनी 18 वर्षीय बेटी नीरू उर्फ गुरुवती को बाइक पर बैठाकर गुरुवार की शाम जनपद संभल के कस्बा गवां दवाई लेने के लिए गया था। देर रात वह दवाई लेकर वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान संभल जनपद के थाना रजपुरा क्षेत्र में रहरा गवा मार्ग पर सिंघोला मोड़ के सामने अचानक उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों पिता बेटी घायल हो गये। सूचना पर परिजन तत्काल दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गये। जहां चिकित्सकों ने 18 वर्षीय नीरू उर्फ गुरुवती को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक छात्रा नजदीकी गांव में स्थित निजी इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा थी। वह तीन बहन एक भाई में सबसे बड़ी थी। छात्रा की मौत से मां कमलेश देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।




अमरोहा। मैढ क्षत्रिय सोनार समाज द्वारा सम्मानित किये गये प्रतिभावान।

# राजनीतिक भागेदारी को एकजुट हो सोनार समाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज सेवा समिति द्वारा समाज के होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राजनैतिक भागेदारी बढ़ाने के लिये हम सभी को एकजुट होना होगा।

वासुदेव रोड स्थित स्वर्णकार भवन में समिति का वार्षिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें गिरीश वर्मा ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देनी चाहिये। हम सभी को एक दूसरे का अधिक से अधिक सहयोग करना चाहिये। राकेश वर्मा ने कहा कि जब तक समाज के लोग एकजुट नहीं होंगे पहचान नहीं बना सकते। देश में लोकतंत्र है इसलिये हम सही लोगों का साथ देना चाहिये। उन्होंने कहा कि समाज का भला हो यह हम सभी को कर्तव्य है। नत्थू सिंह वर्मा ने कहा कि समाज में राजनैतिक भागेदारी बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिये हम सभी को एकजुट होकर अपनी ताकत का अहसास कराना होगा। महेश वर्मा ने कहा कि हम सभी की सोच सकारात्मक होनी चाहिये। महेश वर्मा ने कहा कि बुरे वक्त में हमें एक दूसरे का साथ देना चाहिये। कार्यक्रम में होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेन्द्र वर्मा, बाबूराम वर्मा, अशोक वर्मा, सुनील, राजू, अनिल मौजूद रहे। अध्यक्ष रोहताश वर्मा ने सभी का आभार जताया

# लापता बेटे की बरामदगी की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मदरसा छात्र घर से अचानक लापता हो गया। परिजनों ने उसके दोस्त पर गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला होली वाला हिरन वाला निवासी शमसुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन का 19 वर्षीय पुत्र फाईज 29 सितंबर को घर से दोपहर के समय गायब हो गया। परिजनों ने उसे तमाम संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। पिता शमसुद्दीन ने नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक पर बेटे को घर से ले जाकर उसे गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटे को बरामद किये जाने की गुहार लगाई है।

# रोडवेज की टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत

## धान लेकर हापुड़ मंडी बेचने जा रहा था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** रोडवेज बस ने हाइवे पर ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पीछे से घुसी कार में सवार सात लोग मामूली रूप से घायल कर दिये। हादसा गुरुवार रात रजबपुर थाना क्षेत्र में गांव झनकपुरी में यह हादसा हुआ। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कनपुरा निवासी किसान ताहिर हुसैन रात ट्रैक्टर-ट्राली में धान लाद कर हापुड़ मंडी जा रहे थे। जब वह हाईवे पर झनकपुरी के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ताहिर हुसैन ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिर गए तथा उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार भी बस से टकरा गई। कार में सवार चार लोग भी घायल बताए जा रहे हैं, लेकिन वह बगैर कार्रवाई के चले गए थे। वहीं रोडवेज बस में सवार तीन यात्री भी चोटिल हुए थे। जबकि चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने घायलों का उपचार निजी अस्पताल में कराया। उपचार कराने के बाद सभी घायल चले गए थे। उधर दोपहर बाद पोस्टमार्टम करा कर स्वजन ने मृतक को सुपुर्द खाक कर दिया है। सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन कब्जे में ले लिए हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# संचारी रोगों की रोकथाम को जनसहयोग जरूरी

## पांच से 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनसहयोग जरूरी है। जहां भी जलभराव की समस्या है उसे जल्द से जल्द दूर किया जाये।

कलेकट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से संबंधित बैठक ली। उन्होंने कहा कि 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष रोग नियंत्रण जबकि 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। अधिकारी जनसहभागिता से इस अभियान को सफल बनायें। जहां भी जलभराव की समस्या है उसे समय रहते दूर करें। ग्राम प्रधानों, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायकों आदि के साथ संवाद करें उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया जाये। माइक्रोप्लान के अनुसार संबंधित विभाग गतिविधियों को संचालित करे। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई की जाये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, सीएसएस डा. एके भंडारी, डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आभा दत्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस टीम से नोकझोंक किया लाठीचार्ज

## दम्पति पर सरकारी कार्य में बाधा डालने पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के ग्राम हलपुरा में बुधवार की रात पुलिस और ग्रामीणों के बीच उस समय नोकझोंक हो गई जब बजरंग दल की शिकायत पर पुलिस टीम एक व्यक्ति को थाने ले जाने पहुंची। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को हल्का बल प्रयोग (लाठीचार्ज) कर आरोपी को पकड़ना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाना पुलिस को सूचना दी थी कि ग्राम हलपुरा निवासी अली आजम पुत्र मौ0 उमर संगठन के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक अनिल त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जैसे ही पुलिस ने अली आजम को कारण बताते हुए पूछताछ के लिए थाने चलने को कहा, तभी उसकी पत्नी शाईस्ता भी आ गईं और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगीं। आरोप है कि पति-पत्नी दोनों ने मिलकर सरकारी कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास किया और पुलिसकर्मियों से बहसबाजी की। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने सिखलाये तरीके से हल्का बल प्रयोग किया और किसी तरह अली आजम को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।इस संबंध में उपनि. रीक्षक अनिल त्यागी ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि दंपति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

# पतेई खालसा में सती सलोचना की लीला का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र में चल रहे रामलीला आयोजनों के अन्तर्गत पतेई खालसा और डिडौली पर गुरुवार की रात भक्तिमय माहौल में अनेक लीलाओं का भव्य मंचन हुआद्य पतेई खालसा गांव में रामलीला मंच पर कुंभकरण वध और अहिरावण वध की लीला का सजीव मंचन हुआ। कलाक. ारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।वहीं डिडौली कस्बे में लक्ष्मण शक्ति प्रसंग, मेघनाद वध और सुलोचना सती की लीला का भव्य मंचन किया गया। पंडाल में दर्शकों की भारी भीड़ रही और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। पतेई खालसा में समिति अध्यक्ष शिबेन्द्र प्रताप सिंह, ब्रिजेन्द्र सिंह चौहान, विजय सैनी,डा.नत्थू सिंह भारती, निखिल चौहान, सचिन चौहान,योगेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, विजय कुमार वर्मा, सुभाष चौहान, डिडौली में समिति अध्यक्ष राकेश सिंह, बृजपाल सिंह,शशी वाल्मीकि, तेजराम सैनी,इमरत सिंह सैनी, दुर्वेश यादव, व्यास रमेश अलबेला, आदि उपस्थित रहे।

# फतेह सिंह के पांच छात्रों का प्रदेशीय कबड्डी में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर लौहर्रा स्थित फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज के पांच छात्रों का प्रदेश स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है।विद्यालय के प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के अंडर 19 के छात्र पीयूष यादव व अंकित कुमार,अंडर 17 के छात्र हर्ष चौधरी एवं अंडर 14 के छात्र अमित कुमार व मनिक यादव का अयोध्या में होने वाली प्रदेश स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।पांच छात्रों का प्रदेश के लिए चयन होने पर प्रधानाचार्य ने व्यायाम शिक्षक गौरव शर्मा सहित सभी छात्रों को बधाई दी।साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा

# वनवास से लौटने पर श्री राम को मिली राजगद्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** स्व.रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क बस्ती में श्री श्रीरामलीला समिति के तत्वाधान में चल रही रामलीला में भगवान श्री राम के राजतिलक के बाद भगवान कृष्ण का मयूर नृत्य और राधा व सखियों के साथ रासलीला का मंचन किया गया। रामलीला प्रबंध समिति के द्वारा श्री आदर्श गोविन्द बिहारी रामलीला रासलीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों को सम्मानित किया। अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग ने रामलीला के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष डॉ. निरंजन प्रसाद गर्ग, महामंत्री विपिन कौशिक, प्रबंधक डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, सोनू गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, सुबोध सिंघल, गौरव गोयल, राहुल गोयल, अजय सिंघल, प्रेम शंकर गर्ग, पंकज कौशिक, देवेश शर्मा, कनिष्क भूषण शर्मा, नितिन बंसल, यश अग्रवाल, ग्रीस विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा से जीवन में होता ज्ञान का संचार

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** कथा वाचक पंडित सुबोध आनन्द ने कहा कि भागवत कथा सुनने से जीवन में ज्ञान का संचार होता है। गांव रसूलपुर गुर्जर के चामुंडा मन्दिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन कथा वाचक पंडित सुबोध आनन्द ने प्रवचन किये। उन्होंने कहा कि भक्तों ही भक्ति ज्ञान और बैराग्य की महिमा कर रसखान हैं इस दौरान उन्होंने धुंधकारी कथा का विस्तार से वर्णन भी किया। हरे कृष्णा-हरे राम से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा में जीवन के सभी रहस्य छिपे है। इस मोके पर ओमकार सिंह, मुरारीलाल, मनोज, अमित कुमार, रामचन्द्र सिंह, सतीश, जितेन्द्र, सुरेश, विपिन, विक्रम, कलुवा, घासीराम आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया गांधी पार्क का उद्घाटन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा निर्मित गांधी पार्क का भव्य उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नेक्स्ट जनरेशन ळैज सुधार के अंतर्गत "जीएसटी बचत उत्सव" कार्यक्रम में भाग लिया और नगर की विभिन्न दुकानों पर पहुँचकर दुकानदारों से संवाद किया। उन्होंने वस्तुओं के मूल्यों में हुई छूट को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्घाटन समारोह में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी पीलीभीत-शाहज. हांपुर डॉ. सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, पूर्व राज्य मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य ब्रज क्षेत्र रजनीश पाण्डेय, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष प्रफ्फुल मिश्रा, जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, सभासद एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय जनों ने बताया कि गांधी पार्क का निर्माण पूरनपुर की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम देगा। यह न केवल मनो. रंजन का केंद्र बनेगा, बल्कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की अमर विचारधारा को भी जीवंत बनाए रखेगा। नगरवा. सियों ने इस अवसर को पूरनपुर की धरा के लिए गर्व और गौरव का प्रतीक बताते हुए इसे स्वर्णिम भविष्य की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम करार दिया।

# त्रिवटीनाथ चीनी मिल गन्ना किसानों को देगी आर्थिक मजबूती : संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** प्रदेश सरकार किसानों और युवाओं की आर्थिक मजबूती के लिए लगातार काम कर रही है। पीलीभीत सीमा के पास बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम बहादुरग. ंज में दशहरा पर्व के अवसर पर नवनिर्मित त्रिवटीनाथ चीनी मिल में आयोजित हुआ भव्य पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि यह मिल गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य किसानों की आमदनी बढ़ाना और युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, जिसमें चीनी उद्योग अहम भूमिका निभा रहा है। संजय सिंह गंगवार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में मात्र डेढ़ साल के भीतर प्रदेश में 123 वीं चीनी मिल शुरू होने जा रही है।

बहेड़ी क्षेत्र की यह त्रिवटीनाथ चीनी मिल 2500 टीसीडी क्रशिंग क्षमता से गन्ना पेराई के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह मिल न सिर्फ गन्ना किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करेगी, बल्कि आसपास के युवाओं को रोजगार और व्यवसायिक अवसर भी प्रदान करेगी। मिल के चेयरमैन रामसेवक भारद्वाज ने कहा कि गन्ना किसानों को समय पर गन्ना मूल्य भुगतान करना चीनी मिल की पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने कहा कि त्रिवटीनाथ चीनी मिल का उद्घाटन शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों, किसानों और युवाओं से मिल को अपनी ताकत मानकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि संजय गंगवार का स्वागत चेयरमैन रामसेवक भारद्वाज और सीताराम मोहता ने फूल माला पहनाकर किया। इस दौरान अतुल्य भारत के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा।



# जुलूसे गौसिया आज, पुलिस अलर्ट

**पीलीभीत।** ।शुक्रवार को जुमे की नमाज और शनिवार को शहर में निकलने वाले जुलूस ए गौसिया को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। गुरूवार को शहर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख चौराहों और मिश्रित आबादी के अलावा संवेदनशील और अति. संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की डयूटी लगाई गई। एसपी अभिषेक यादव और एएसपी विक्रम दहिया ने डयूटी को चेक कर प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों को डयूटी के दौरान सर्तकता बरतने के निर्देश दिए। जुलूस ए गौसिया को लेकर जिले भर में शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया और किसी नए रूट पर जुलूस न निकालने की हिदायत दी गई।

# रेलवे ने मुक्तिधाम स्थल को बताया अपनी संपत्ति, निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ईदगाह स्थित मुक्तिधाम को रेलवे ने अपनी संपत्ति बताकर निर्माणकार्य गिराने की धमकी दे डाली जिसके बाद मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया है कि नगर में हिन्दुओं के शवों की अंतीम क्रियायें करने हेतु एकमात्र अवदाह स्थल "मुक्तिधाम पर विगत लगभग 25 वर्षों से मुक्तिधाम् समिति के सदस्यों ने नगर के विभिन्न दान दाताओं, सांसद निधि एवं विधायक निधि के सहयोग से इस अंतिम शरण स्थल को बनवाया है।

समय की मांग को देखते हुए शव वाहनों एवं शव फ्रीजेरों को खड़ा करने की आवश्यकता महसूस हुई और दानदाता भी मिल गए तो पूर्व में ही बने हुए लकड़ी रखने के गोदामों के पास एक शेड का निर्माण प्रारंभकिया गया था कि दो दिन पूर्व ही रेलवे ने अपने दरोगा आदि को भेज कर निर्माण कार्य को यह कह कर जबरदस्ती रुकवा दिया है कि मुक्तिधान की सारी जमीन रेलवे की है और उस पर किया गया मारा निर्माण अवैध है तथा उसको शीत्र ही ध्वस्त करा दिया जाएगा, पुलिस दरोगा के साथ रेलवे के इंजिनियर मीना (मो नंबर 9760541231) स्वयम फीता लेकर आये, नापजोख की और समिति के सदस्यों में अनर्गल भाषा में बात की, महोदय आपके संज्ञान में लाना है कि मुक्तिधाम ने रेलवे का एक इंच का भी अतिक्रमण नहीं किया है।

# धान खरीद पर किसान नेता ने डीएम को लिखा पत्र

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जनपद में एक अक्टूबर जो धान पंजीकर्ण सत्यापित हो रहे है 48 कुन्तल प्रति हेक्टर के हिसाब से, गत बर्ष लगभग 68 कुंतल प्रति हेक्टर के हिसाब से धान की मात्रा सत्यापित हुई थी, तभ भी कुछ किसानो का धान सरकारी क्रय केंद्रों दर पर खरीदा नहीं जा सका जिससे वो लोग डैच से वंचित रह गये। हमारी यूनियन द्वारा निरीक्षण किया गया।

# शराब के नशे में युवक ने कुत्ते के साथ की क्रूरता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सुआबोझ में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में एक कुत्ते के साथ क्रूरता की है। बहादुर पासवान नामक व्यक्ति ने कुत्ते को इतना मारा कि उसका पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुत्ते का इलाज ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया, गौ सेवा टीम राष्ट्रीय बजरंग दल पुरनपुर पीलीभीत द्वारा कराया जा रहा है। ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया ने प्रभारी निरीक्षक महोदय कोतवाली पूरनपुर पीलीभीत से आरोपी पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक महोदय कोतवाली पूरनपुर पीलीभीत से अनुरोध किया है कि आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।पशु क्रूरता के मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे मामलों में आरोपी को जेल की सजा और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। इस मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी। पुलिस आरोपी के खिलाफ जांच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी ।

# ठाकुरद्वारा मंदिर के नाम पर बना फर्जी ट्रस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील की ग्राम पंचायत खमरिया पट्टी में ठाकुर द्वारा मंदिर के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से ट्रस्ट बनाकर अपने और अपने चाहने वालों के नाम करवा लिए। इस मामले में पूर्व प्रधान रामनिवास पर भी आरोप लगाए गए थे, लेकिन बाद में सच्चाई सामने आने के बाद शिकायतकर्ता ने अपनी गलती मानी और पूर्व प्रधान रामनिवास से माफी मांगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने ठाकुरद्वारा मंदिर के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाकर अपने और अपने चाहने वालों के नाम करवा लिए। पूर्व प्रधान रामनिवास पर फर्जी ट्रस्ट बनाने वालों के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया गया था ।शिकायतकर्ता ने बाद में अपनी गलती मानी और पूर्व प्रधान रामनिवास से माफी मांगी ।शिकायतकर्ता ने कैमरे के सामने अपनी पूरी सच्चाई बताई और कहा कि उनका ट्रस्ट की कमेटी में कोई हाथ नहीं था। इस मामले में शिकायतकर्ता ने पूर्व प्रधान रामनिवास के खिलाफ लगाए गए आरोपों को झूठा बताया है और माफी मांगने को तैयार हैं। यह मामला गांव में काफी चर्चा में रहा है और लोगों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

# सड़क हादसे में युवकों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को स्याना थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर पूठी गांव से मां काली की शोभायात्रा देखने जा रहे दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतकों की पहचान चांदपुर पूठी निवासी 18 वर्षीय दीपांशु और 17 वर्षीय पंकज के रूप में हुई है। देर शाम दीपांशु अपने साथी पंकज के साथ बाइक पर सवार होकर स्याना नगर की ओर जा रहे थे। गांव से कुछ दूरी पर हाईवे पर पहुंचते ही एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र और विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार चार दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के बावजूद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की और जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।



सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। इस दौरान उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुघ विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं उन्हें इसका लाभ दिलाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

## छितौना कांड में घायल छोटू राजभर की ट्रॉमा सेंटर में मृत्यु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र के छितौना गांव में पांच जुलाई को एक मामूली विवाद दो समुदायों के बीच संघर्ष में बदल गया था। इस मारपीट की घटना में कई लोग घायल हुए थे। घायलों में शामिल छोटू राजभर (45) की गुरुवार देर रात ट्रॉमा सेंटर में मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। चौबेपुर पुलिस के अनुसार, शव का पोस्टमॉर्टम कराकर उसे गांव ले जाया जाएगा। एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि 5 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ अध्यक्ष संजय सिंह और गांव के ही भोला राजभर के बीच मवेशी और जमीन को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

# सभ्यता की जड़ों से जुड़े बिना प्रगति का वृक्ष कभी फल-फूल नहीं सकता: आनंदीबेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** रामपुर रज़ा लाइब्रेरी एवं संग्रहालय, रामपुर की अध्यक्षा आनंदीबेन पटेल ने पुस्तकालय के 251वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित द्वितीय रामपुर रज़ा पुस्तकालय महोत्सव का राजभवन, लखनऊ से शुक्रवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि रामपुर रज़ा पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ ग्रंथ, पांडुलिपियां और कलात्मक कृतियां केवल ज्ञान की निधि नहीं हैं, बल्कि हमारी अस्मिता की पहचान हैं। ष्धरोहरें केवल स्मृति नहीं, बल्कि प्रेरणा होती हैं। ये हमें याद दिलाती हैं कि सभ्यता की जड़ों से जुड़े बिना प्रगति का वृक्ष कभी फल-फूल नहीं सकता। राज्यपाल ने पुस्तकालयों को संस्कृति का मंदिर बताते हुए कहा कि वे समाज के मौलिक स्तंभ हैं, जो ज्ञान, शिक्षा और सृजनशीलता का पोषण करते हैं।

उन्होंने कहा कि ष्प्रत्येक पुस्तकालय अतीत और भविष्य के बीच एक सेतु है। बच्चों के लिए यह ज्ञान की पहली सीढ़ी है, युवाओं के लिए सपनों को पंख देने का साधन और वृद्धों के लिए जीवनानुभवों को पुनः जीने का अवसर है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के 'ज्ञान भारत' मिशन' के अंतर्गत इस विरासत का संरक्षण और डिजिटल प्रलेखन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत



एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को राष्ट्रीय डिजिटल डिपॉजिटरी में सुरक्षित किया जाएगा। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित ज्ञान भारत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को भारतीय साहित्यिक और वैज्ञानिक चेतना का विराट उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा पांडुलिपि संग्रह है, जिसमें केवल धर्म और दर्शन ही नहीं, बल्कि खगोल, गणित, चिकित्सा, रसायन, राजनी. ति, वास्तुकला और कृषि विज्ञान जैसी विधाओं का भंडार है। उन्होंने 'वसुधैव गांधी : तुलसी युग का स्वराज उद्घोष' विषय पर हुए संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और गोस्वामी तुलसीदास की विचारधारा भारतीय समाज की आत्मा है।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण से सम्पन्न हुआ। बरेली हिंसा के बाद संगम नगरी प्रयागराज में भी अलर्ट था।

आज दोपहर को चौक स्थित जामा मस्जिद समेत दूसरी मस्जिदों में जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराई गई जिसके बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। नमाज, मूर्ति विसर्जन और आज होने वाले भरत मिलाप के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड में थी।संवेदनशील इलाका जैसे अटाला और चौक इलाकों में पुलिस और पीएसी का फ्लैग मार्च कराया गया है।

इसके अलावा संवेदनशील अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की चौकसी बढ़ाई गई थी। पुलिस उपायुक्त सिटी मनीष कुमार शांडिल्य के मुताबिक हर लबदु पर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के जरिए माहौल खराब न करने पाए, इसके लिए भी पुलिस ने सोशल साइट्स पर निगरानी की जा रही है। अगर कोई व्यक्ति अफवाह फैलता है, तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यूपीआईटीएस 2025 में युवाओं की रही अद्भुत भागीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी सीएम युवा मिशन के तहत आयोजित सीएम युवा कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 का सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा। अधिकारियों की माने तो पांच दिवसीय आयोजन ने न केवल युवाओं को नए-नए बिजनेस मॉडल्स से रूबरू कराया बल्कि उद्यमशीलता और स्वरोजगार की दिशा में नए अवसर भी खोले।

इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान कुल 12,025 बिज़नेस इंक्वायरी, 9,200 पंजीकरण, 377 बिज़नेस-टू- बिज़नेस (बी2बी) मीलटग्स और 90 बिज़नेस प्रजेंटेशंस दर्ज किए गए। सीएम युवा के नोडल और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि 5 दिन के कॉन्क्लेव में कई प्रसिद्ध फ्रेंचाइज़ ब्रांड्स, मशीनरी सप्लायर्स और बिजनेस-ऑन-व्हील्स वेंचर्स ने भाग लिया। इनमें डाक्टर मोरिंगा, एमबीए मखानेवाला, हनीमैन, चीजी क्रेजी कैफे और ओसियन एंटरप्राइज़ जैसे ब्रांड्स ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। इन प्रस्तुतियों ने युवाओं को नवाच. ार और टिकाऊ बिजनेस मॉडल की दिशा में प्रेरित किया। सबसे अधिक व्यवसायिक पूछताछ प्राप्त करने वाले ब्रांड्स में ओसियन एंटरप्राइजेज (700 ), यूपीसीएस स्टोर (650 ), एमबीए मक्खनवाला (550 ), प्रॉस्पर ग्रुप (500 ) और आईक्यूटीएम (450 ) शामिल रहे। सीएम युवा मिशन को यूपीआईटीएस 2025 की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन) नंद गोपाल नंदी, मंत्री (एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, रेशम एवं वस्त्र) राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार और मिशन डायरेक्टर-सीएम युवा के-विजयेन्द्र पांडियन की मौजूदगी में प्रदान किया। कॉन्क्लेव में मेरठ, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ मंडलों से 3,700 से अधिक युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। बड़ी संख्या में छात्र और नवोद्यमी सीएम युवा पवेलियन में पहुंचे और विभिन्न बिज़नेस मॉडल्स को समझने के साथ-साथ अपने सवालों के समाधान भी पाए।

# शिक्षक का शव कमरे में मिला, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी के सिगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बादशाह बाग कॉलोनी में शुक्रवार को शिक्षक दानिश रजा (40) का शव उनके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान और कमरे में बिखरे खून के धब्बों से हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, दानिश रजा अपने परिवार के साथ मकान के निचले तल पर रहते थे, जबकि उनके अन्य परिजन ऊपरी मंजिल पर निवास करते हैं। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे और उन्हें कोई आहट तक नहीं हुई। दानिश रजा चार बहनों और दो भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका बड़ा भाई छत्तीसगढ़ में डाक्टर है और उसका परिवार वहीं रहता है।

मृतक बादशाह बाग स्थित फरोग उर्दू मदरसा में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कमरे में कई स्थानों पर खून के निशान और मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा।

# झांसी: सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार की नमाज को लेकर जारी अलर्ट के बीच झांसी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई और इस दौरान माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना रहा।

त्योहारी मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और पुलिस पहले से ही पूरी तरह मुस्तैद है और जुम्मे की नमाज को लेकर भी प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। इस दौरान जिले के आला अधिकारी क्षेत्र में लगातार घमूते दिखाई दिए। जिलाधिकार मृदुल चौधरी ने कहा कि यह पूरा महीना ही त्योहारों का है और लगातार व्यवस्थाएं की जा रहीं है। इसी क्रम में आज जुम्मे की नमाज को लेकर भी पहले से ही पूरी व्यवस्था कर ली गई थी। माहौल काफी अच्छा है कहीं कोई समस्या नहीं है और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की जा रही है। झांसी में कानून व्यवस्था की कहीं कोई समस्या नहीं है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वह सामाजिक समरसता और भाईचारे को यूं ही बनाए रखें, आगे और भी त्योहार हैं , उन सभी के दौरान शांति यूं ही बनाएं रखें। जनता ने प्रशासन के साथ काफी सहयोग बनाकर रखा है और पूरी उम्मीद है कि यह माहौल आगे भी यूं ही सौहार्दपूर्ण बना रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि त्योहार के मौसम में पुलिस और प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है। जो भी हॉट स्टॉप है उन स्थानों पर विशेष सावधानी बरती जा रही है और पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना हुआ है। कल दुर्गा मूर्ति विसर्जन और रावण पुतला दहन के दोनों कार्यक्रम बहुत ही अच्छे माहौल में कड़ी सतर्कता के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए।

## मिर्जापुर में बाइकों की टक्कर में दो मरे, दो गंभीर

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दो बाईकों के आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मृत्यु हो गई जबकि दो बालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि खतरा गांव निवासी दीपनारायण का पुत्र दीपक कुमार (30) अमदहा अपनी बहन के यहां गया था। वहां से अपनी बाईक पर दो भांजों अजीत (10) और आकाश (8) को साथ लेकर घर लौट रहा था। लालगंज कलवारी मार्ग पर बेदौली गांव के पास पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा की ओर से आ रही दूसरी बाईक जिसे सोनभद्र जिले के चुर्क निवासी अजीत (35) चला रहा था।

# कांग्रेस सत्ता में आई, तो रद्द कर दिए जाएंगे जारी डाक टिकट व सिक्के : डा उदितराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी डाक टिकट और सिक्के को लेकर कांग्रेस के पूर्व सांसद डा उदितराज ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि आज सत्ता में हैं तो मनमानी कर रहे हैं,

लेकिन जिस दिन कांग्रेस सत्ता में आएगी, आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर जारी डाक टिकट और सिक्के रद्द कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए डा उदित राज ने कहा कि आरएसएस का जन्म ही दलित-पिछड़ों के खिलाफ़ हुआ था। उन्होंने कहा कि आज़ादी की लड़ाई में जब सबका योगदान दिखा तो हेडगेवार को डर हुआ कि एक बार भारत आजाद हुआ



सत्ता में सबकी हिस्सेदारी होगी और सवर्ण वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। मुसलमान पहले से सत्ता में रह चुके थे, इसलिए उनकी चिंता नहीं थी-चिंता थी दलित, पिछड़े और आदिवासी के उभार की।

उन्होंने कहा कि 2014 से सत्ता में आकर आरएसएस-भाजपा ने इन वर्गों को नए रूप में अछूत बना दिया। निजीकरण से शिक्षा और नौकरियों से बाहर किया, प्रशासन में पिछड़ों की बढ़ती भागीदारी पर विराम लगाया और देश को हिंदू-मुस्लिम नफ़रत में झोंक दिया। डा उदितराज ने कहा कि आज सत्ता में हैं तो मनमानी कर रहे हैं, लेकिन जिस दिन कांग्रेस सत्ता में आएगी, आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर जारी डाक टिकट और सिक्के रद्द कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भागवत जी हमें एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान की जगह एक तरह की शिक्षा, जाति विहीन समाज और हिस्सेदारी चाहिए। दलित और ओबीसी अब जाग गए हैं और आपके झांसे में नहीं आने वाले हैं।

# 'आई लव मुहम्मद' के नाम पर देश को अशांत करने की साजिश: विहिप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'आई लव मुहम्मद' के नाम पर देश को अशांत करने की साजिश का आरोप लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सवाल किया कि इस्लाम शांति का मजहब है तो मुहम्मद के नाम पर ये हिंसा, उपद्रव व हमले क्यों हो रहे हैं। विहिप ने आरोप लगाया है कि कुछ मुस्लिम नेता व राजनैतिक दल 'आई लव मुहम्मद' के नाम मुस्लिम युवाओं को भड़का व बरगलाकर कर देश को अशांत बंगलादेश व नेपाल बनाने का दिवास्वप्न देख रहे हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि ये किस मोहम्मद




से लव की बात कर रहे हैं-- स्पष्ट करें। कुछ मुस्लिम नेता व राजनैतिक दल 'आई लव मुहम्मद' के नाम मुस्लिम युवाओं को भड़का व बरगलाकर कर देश को अशांत बंगलादेश व नेपाल बनाने का दिवास्वप्न देख रहे हैं। श्री बंसल ने कहा है कि उनकी इन करतूतों से तो यही लगता है कि ये पैगम्बर मोहम्मद नहीं अपितु, जैश ए मोहम्मद, मोहम्मद मसूद अजहर, हाफिज मोहम्मद सईद व मोहम्मद अजमल कसाब जैसे वैश्विक आतंकियों और उनके संगठनों से ही लव करते हैं।

उन्होंने कहा कि आप तो यह कहते नहीं थकते कि इस्लाम शांति का मजहब है तो मुहम्मद के नाम पर ये हिंसा, उपद्रव व हमले क्यों हो रहे हैं। क्या पैगम्बर से लव करने वाले हिंसक हो सकते हैं, उपद्रवी हो सकते हैं, देश की संपत्तियों व सुरक्षा बलों के शत्रु हो सकते हैं। अपने ही देशवासियों पर पत्थर और बम फोड़ने वाले हो सकते हैं। मुस्लिम उलेमाओं को स्पष्ट करना चाहिए।

## बाइकों की भिड़न्त में दो की मौत चार घायल

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बघौचघाट क्षेत्र में गुरूवार/शुक्रवार की रात दो बाइकों की आमने सामने की भिड़न्त में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बघौचघाट क्षेत्र के मलबावर गांव के पास रात करीब एक बजे कुछ युवक विजयादशमी का मेला देखकर लौट रहे थे कि इनकी बाइकों की आमने-सामने की भिड़न्त हो गई। इस घटना में दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में राम नगर गांव निवासी शिवम शर्मा(18) और शम्भू कुशवाहा(22) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में चार युवक गम्भीर रूप से घायल है।

# शिक्षा, तकनीक व पेशेवर क्षमता से समाज का मार्गदर्शन करेगा प्रोफेशनल मंच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) उत्तर प्रदेश के प्रोफेशनल मंच का पहला प्रदेश स्तरीय सम्मेलन शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने कहा कि प्रोफेशनल मंच पार्टी की विचारधारा को समाज के उस वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा, जो शिक्षा, तकनीक और पेशेवर क्षमता से समाज का मार्गदर्शन करता है। इस दौरान त्रिलोक त्यागी ने डाक्टरों, वकीलों, इंजीनियरों, शिक्षकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स जैसे प्रोफेशनल वर्ग को पार्टी की 'रीढ़' बताया।

उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि 'महिलाएं जब संगठन में आगे आती हैं तो समाज के हर हिस्से तक हमारी आवाज पहुंचती है। त्यागी ने स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें भी व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी और समाजहित में कार्य करना होगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि अंबुज पटेल के नेतृत्व में यह मंच और मज़बूत होगा। राष्ट्रीय महासि. चव अनिल दुबे ने कहा कि प्रोफेशनल मंच संगठन की रीढ़ साबित होगा।

वहीं राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि अंबुज पटेल का उत्साह और ऊर्जा मंच को नई पहचान दिलाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अंबुज पटेल ने कहा कि यह मंच प्रोफेशनल वर्ग को जोड़कर पार्टी की नई धुरी बनेगा और जयंत चौधरी के नेतृत्व में हर वर्ग की आवाज़ को राजनी. तिक मंच तक पहुंचाएगा।

# बाराबंकी का ऐतिहासिक देवा मेला आठ अक्टूबर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाराबंकी।** दुनिया को भाईचारे का पैगाम 'जो रब है वही राम है', देने वाले प्रसिद्ध सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैयद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाला 10 दिवसीय ऐतिहासिक देवा मेला इस वर्ष आठ अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पूरे वैभव और सांस्कृतिक रंगों के साथ आयोजित किया जाएगा।

देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के सचिव व एडीएम डा. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आठ अक्टूबर को शाम 5 बजे समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी शैलजा त्रिपाठी मेला का पारंपरिक रूप से उद्घाटन करेंगी जबकि 17 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी संपदा विजयवर्गीय इको-फ्रेंडली आतिशबाज़ी के साथ समापन कार्यक्रम करेंगी। दस दिनों तक चलने वाले मेले की शुरुआत बिरहा, संगीत और नृत्य से होगी और अंत लेज़र शो और पुरस्कार वितरण के साथ होगा। इस बार देवा मेला परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम होगा। मेला में क्रिकेट टूर्नामेंट, बॉडी बिलल्डग शो और महिला फैशन शो जैसे नए आकर्षण जोड़े गए हैं। सूफी नाइट में मशहूर गायिका ज्योति नूरन का लाइव परफॉर्मेंस तो मेगा नाइट में इंडियन आइडल फेम सलमान अली की प्रस्तुति होगी।

भक्ति संध्या में सुप्रसिद्ध गायक किशोर चतुर्वेदी चार चांद लगाएंगे। म्यूजिक कॉन्फ्रेंस में कुलदीप चौहान जैसे कलाकार मंच पर रंग जमाएंगे। वहीं, मुशायरे व कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवि शायर मेले में आए श्रोताओं को अपनी रचनाओं से मंत्रमुग्ध करेंगे। देवा मेला में स्थानीय कलाकारों को मंच देने के लिए विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## छह लोगों की मौत के मामले में आठ के खिलाफ मुकदमा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के चार सदस्यों और दो पड़ोसी किशोरों की मौत के मामले में पुलिस ने आज आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गौरतलब है कि पिछले बुधवार को निंदुर पुरवा ग्राम निवासी विजय मौर्य के घर में छह शव मिले थे। मृतक किशोर सनी के चाचा हीरालाल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर विजय मौर्य समेत आठ लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी रामगांव ने बताया कि हीरालाल ने विजय तथा उसके अन्य रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

# जौनपुर में दुर्गा प्रतिमाएं शक्ति कुण्ड में विसर्जित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ नौ दिनो तक चलने वाले देवी आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि का समापन हो गया।

श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पूरे नौ दिन मां दुर्गा के पूजन-अर्चन के पश्चात गुरुवार की देर रात जिलाधिकारी डा दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने अहियापुर तिराहे पर नारियल फोघ्कर शोभायात्रा को रवाना किया। उसके बाद शहरी क्षेत्र में 141 मां दुर्गा समितियों ने बहुत ही उल्लास एवं शांतिपूर्वक से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन आदि गंगा गोमती के पावन तट पर बनाए गए शक्ति कुण्ड में शुक्रवार को दिन में साढे नौ बजे तक किया गया। इस दौरान माता रानी के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर सिंह एवं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित तमाम लोग शक्ति कुण्ड में जल की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में अथक प्रयास किए। महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव 'मंगल' और महासचिव मनीष गुप्ता ने मां की प्रतिमा के अनुष्ठान के पश्चात विजयादशमी के दिन मां की समस्त प्रतिमाओं के विसर्जन यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिये जिला व पुलिस प्रशासन सहित नगर पालिका, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग आदि के प्रति आभार जताया। पूरे जिले में लगी लगभग 2200 की मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ किया गया। मेले का संचालन ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से समा. जसेवी राजदेव यादव ने किया। विसर्जन यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में संरक्षक मण्डल के सदस्य इंद्रभान सिंह, विनोद जायसवाल, श्रीकान्त महेश्वरी, विंध्याचल सिंह एडवोकेट, संतोष सिंह, निखिलेश सिंह, विशेष सदस्य राधेकृष्ण ओझा, मोती लाल यादव, शशांक सिंह रानू, अतुल प्रताप सिंह, नीरज सिंह, प्रबंधकारिणी के सदस्यगण, शनि जायसवाल सहित तमाम लोगों का सहयोग रहा।

## सीतापुर में मार्च पास्ट के दौरान स्वयंसेवक की मौत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में सीता. पुर जिले के इमलिया सुल्तानपुर अंतर्गत कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 वर्ष पूर्ण होने पर पत्र संचालन के समय ड्रम बजाते मार्च पास्ट करने के दौरान एक युवा गिरकर बेहोश हो गया जिसे अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अंकित सिंह (23) शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पथ संचलन के समय ड्रम बज रहा था। अचानक वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलिया उपचार के लिये भेजा गया।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास में गुरुवार की देर शाम किसान जगतपाल सिंह, हरीराज सिंह, प्रदीप सिंह, खेतों से धान की फसल ला रहे थे गांव में बैठे श्रीपाल, विनोद, मनीष, अन्य गांव के लोग इन लोगों ने हमला बोल दिया हाथों में लोहे की राड तलवार अन्य हथियारों से हमला बोल दिया दो घंटे तक जमकर मारपीट हुई जिसमें से एक पक्ष के प्रदीप, हरीराज सिंह, जगतपाल सिंह, तीनों लोग खून से लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए मारपीट के दौरान गंभीर लोगों के परिजन पहुंच गए रजत सिंह सोनू सिंह सुमित सिंह गोविंद प्रत्युष, दबंग लोगों ने यह भी लोग मार मार कर सड़क पर गिरा दिए किसी ग्रामीण ने थाना पुलिस को सूचना दे दी पुलिस के सामने विवाद चला रहा दबंग पक्षों के हाथ में धारदार हथियार मौजूद थे और इन लोगों पर बार करते रहे। पुलिस ने बीच बचाव करते हुए घायलों को उपचार के लिए भेजा गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है पीड़ित पक्ष थाना पुलिस की कार्यशाली पर सवाल उठा रहे हैं दबंगों के खिलाफ पहले से मुकदमा पंजीकृत होने के बावजूद भी पीड़ित पक्ष के लोगों को जमकर मारा पीटा मौके पर पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विशाल सिंह चौहान जिन्होंने बताया यह लोग खेत से धन लेकर आ रहे थे इन लोगों को गांव के श्रीपाल विनोद दर्जनों लोगों ने धारदार हथियार से मारपीट की इन लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है बदायूं रेफर कर दिया है थाना पुलिस की ढिलाई की वजह से गांव में आतंक मच गया दबंग लोगों ने हमला बोल दिया।

# खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान को दिया नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत ब्यौर के मजरा सेमरमई ग्राम पंचायत के द्वारा तालाब की सुरक्षा के लिए दीवार का निर्माण किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी शुक्रवार को टीम के साथ गांव पहुंच गए और उन्होंने दीवाल में घटिया सामग्रीस ईट का प्रयोग होते हुए देखा तो ग्राम प्रधान से जानकारी ली तो उन्होंने कहा हां पीला ईट का प्रयोग किया जा रहा है जिस पर पारा गरम हो गया और उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी ने बताया लगातार शिकायतें मिल रही थी कार्यों में गुणवत्ता नहीं पाई गई है ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर दिया गया है जवाब आने के बाद कार्रवाई की जाएगी इसके बाद खंड विकास अधिकारी टीम के गांव में बनी गौशाला पर पहुंच गए जहां उनके लिए गौवंश स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि गौवंश आश्रय स्थल पर लगभग 130 गौवंश संरक्षित है। गौवंश के भरण-पोषण की स्थलीय स्थिति देखने से स्पष्ट परिलक्षित हो रहा था कि ग्राम प्रधान द्वारा संचालक की हैसियत से गौवंश भरण-पोषण में जमकर गोलमाल किया जा रहा है और गौवंश को हरा चारा चोकर न खिलाकर सूखा भूसा खिलाया जा रहा है, जो कि स्पष्ट रूप से शासन की मंशा के विपरीत है। गौवंश आश्रय स्थल के निरीक्षण के समय यह पता चला की गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंश को पौष्टिक समुचित आहार न मिलने के कारण वह दुर्बल हो रहे हैं और गौवंश बीमार हो रहे हैं, जिससे ग्राम प्रधान द्वारा गौवंश संरक्षित गौवंश का भरण पोषण मानक618 अनुरूप नहीं किया जा रहा है इस मौके पर खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार सचिव पवन कुमार सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूदरहे।

# कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** राम नवमी दशहरा मेले के समापन के अवसर पर रावण दहन किया गया । इस दौरान मेला कमेटी की ओर से रामायण ज्ञान प्रतियोगिता व कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया जिसमें स्थानीय कपिल पुत्र अनेक सिंह को डी वी पी एस का प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया व तृतीय पुरस्कार नीलम पुत्री परशु राम, अंश पुत्र पवन शर्मा को संयुक्त रूप से एम पी एस पी एस सम्मानित किया गया । दीक्षा पुत्री भूप नरेश पाल, अदिति पुत्री गवर्नर व अंकुर पुत्र तेजपाल व ललित पुत्र सुशेष मौर्य को भी डी वी पी एस सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित कर युवा प्रतिभाओं का हौंसला बढ़ाया । कुश्ती अखाड़े में संभल जिले के कस्बा चंदौसी के नामचीन पहलवान इरशाद व अलीगढ़ के पहलवान आदिल को मेला कमेटी की ओर से ट्राफी भेंट की गई । आदर्श रामलीला मेला के आखिरी दिन समापन के दौरान कमेटी के अध्यक्ष रामौतार मिश्रा, मुख्य संरक्षक सतीश चंद्र पाराशरी पूर्व प्रधान, राक. ेश कुमार दीक्षित, महासचिव कृष्ण मिश्रा, उपाध्यक्ष दुर्जेंद्र कुमार शर्मा, मंडल मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, अखिलेश पाराशरी, प्रवेश पाठक, कृष्णवीर मिश्रा, सुनील कुमार शर्मा, अनमोल शर्मा, पीयूष पाराशरी, आशुतोष पाराशरी, रवेंद्र प्रकाश शर्मा, राघवेंद्र शर्मा, अरविंद कटिया, हर्षित मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, पशुपति मिश्रा, अमर नाथ मिश्रा, स्वतंत्र पाठक, सुधाकर शर्मा पत्रकार, अवनीश पाठक, प्रशांत राठौर, जुगल किशोर शर्मा, अनूप पाराशरी, पवन मिश्रा, विक्रम मौर्य पत्रकारआदि ने कार्यक्रम में सहभागिता की । इस दौरान मेले में लगी बेशुमार भीड़ को काबू में करने के लिए थाना फैजगंज बेहटा प्रभारी रामेंद्र सिंह, स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी, पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह, कांस्टेबल प्यारे खां, आकाश ढाका, अंशुल कुमार, सुनील कुमार, छात्र पाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।

# स्मार्ट ड्राइव करें, सुरक्षित रहे: सुरेश त्यागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** त्योहारों के मौसम में ट्रैफिक पुलिस ने नगर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत दर्जनों वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान आधा दर्जन वाहनों के कागजों में कमी पाई गई उनका चालान कर दिया गया। इस समय नगर में भीड़ - भाड़ बढ़ गई है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर सुरेश त्यागी ने बताया कि हमारा मकसद केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को जिम्मेदार चालक और समझदार यात्री बनाना है। स्मार्ट ड्राइव करें, सुरक्षित रहे। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि हेलमेट सिर्फ चालान से बचने का जरिया नहीं, बल्कि जान बचाने का कवच है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी मिशन शक्ति के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** योगी सरकार द्वारा महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर नागपुर में चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस अभियान के तहत महिलाओं को मिल रहे प्रशिक्षण और संसाधनों ने न केवल उन्हें सशक्त बनाया है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल भी पेश की है। इस दौरान सभी महिलाओं को पम्पलेट वितरित किया गया। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने चौपाल में उपस्थित महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए सभी को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया। इधर एंटी रोमियो टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शोहदों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल भारती आदि उपस्थित रही।

# राजीव गुप्ता ने सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को दिया दो लाख रुपये का चेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** परिवहन निगम की बस के ग्यारह सितंबर को हरदोई के नजदीक खाई में पलटने से तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर जगमन निवासी संजीत सागर (24) पुत्र लिखनपाल की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुक्रवार को तहसील सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने मृतक की माता रामरती देवी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा की योगी सरकार संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खडी हैं। इस अवसर पर एसडीएम राशि कृष्णा, तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार गिरिजाशंकर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, वैभव मिश्रा, संदीप चौहान, सुनील सिंह, रितेश सिंह, विजय शर्मा, दिनेश राजपूत आदि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि सरकार हर परिस्थिति में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बगरेन मंडल के महामंत्री राजीव चौहान के पिता की मृत्यु पर गाँव पसतौर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# अखंड प्रचण्ड ज्योति शोभायात्रा में निकाली झांकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** अलीगढ़ से आई भगवान जगन्नाथ जी की झांकी की सभी ने प्रशंसा की। आधा दर्जन काली अखाडों के करतबों को सभी ने सराहा। नगर के प्राचीन बड़े मंदिर में पूर्व विद्यायक कुशाग्र सागर, कोतवाल हरेंद्र सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय और भाजपा नगराध्यक्ष मनोज गुप्ता, कृष्णा गुप्ता और गणेश गुप्ता आदि ने देवी माँ की आरती कर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। इसके बाद यह शोभायात्रा साहूकारा, चौराहा, मेन मार्केट, सराय और हाइवे पर निकली। अलीगढ़ से आई भगवान जगन्नाथ जी की झाँकी की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इसके साथ ही राम जी का दरबार, पंचमुखी हनुमान जी महाराज की झाँकी सुंदर थीं। नंदी पर सवार भगवान भोलेनाथ और माँ पार्वती के विवाह की झाँकी भी सराहनीय थी। भक्ति मे लीन युवाओं का झूमना और बच्चों का उत्साह देखने लायक था। सबसे बड़ी बात तो यह थी कि महिलाएँ, बच्चे और भक्तजन घंटों अपने दरबाजे के आगे खड़े होकर शोभायात्रा का इंतजार कर रहे थे। अलीगढ़, कासगंज, उझानी, बिलसी और नगर के काली के अखाडो के करतब देखकर लोग दांतों तले ऊँगली दबा गए। देर रात तक नगर मे भक्ति की रसधार बहती रही। इस शोभायात्रा मे क्षिति मिश्र, अभय वर्मा, चंद्रपाल गुप्ता, रमेश रस्तोगी, अपूर्व रस्तोगी, अर्जुन रस्तोगी, विभु गर्ग, सौरभ महाजन, नीरज, अनुज शर्मा, अमरदीप गर्ग, संजय रस्तोगी, सचिन, अपूर्व अग्रवाल, रवि रस्तोगी, सोनू, शिवम, राजू, कुलदीप आदि का विशेष योगदान रहा।

# आशुतोष चन्दोला बने सहायक निदेशक सूचना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन स्तर पर माह सितंबर 2025 के तृतीय सप्ताह के मध्य में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में जिला सूचना अधिकारी बदायूँ आशुतोष चन्दोला को सहायक निदेशक सूचना पद पर पदोन्नत किया गया है। शासन द्वारा जारी पदोन्नति आदेश शुक्रवार को उन्हें प्राप्त हुआ। आशुतोष चन्दोला गत दो वर्षों से बदायूं में जिला सूचना अधिकारी पद पर सेवाएँ दे रहे हैं। इससे पूर्व वह बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर एवं शामली जनपदों में भी अपनी कार्यकुशलता का परिचय दे चुके हैं। वे एक कर्मठ, ईमानदार एवं निष्ठावान अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। बदायूं में जिला सूचना अधिकारी रहते हुए आशुतोष चन्दोला ने विभागीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। लोकसभा निर्वाचन, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगणों व जनप्रतिनिधियों, आयोग सदस्यों के आगमन, महत्वपूर्ण बैठकों एवं प्रशासनिक स्तर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सूचना विभाग की भूमिका को उन्होंने प्रभावी ढंग से निभाया। मीडिया से उत्कृष्ट समन्वय और संवाद स्थापित करने में उनकी विशेष पहचान रही है। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों तथा छायाकारों ने आशुतोष चन्दोला को सहायक निदेशक सूचना पद पर पदोन्नत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

# मुस्लिम धर्मगुरुओं से अपील अफवाहों पर न दें ध्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आई लव मो. मामले के बाद नगर में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए, मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने नगर व क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया और धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों, धार्मिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में पुलिस बल के साथ मार्च किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन को आश्वस्त किया गया कि पुलिस प्रशासन पूर्णता सतर्क एवं मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अराजकता, अशांति अथवा असामा. जिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग दें। इस दौरान बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना बिलाल साहब, मस्जिद बिलाल के इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी, बड़ी मस्जिद के सदर मुन्ने खां, हाजी रफीक खां, हाजी तस्लीम खान, सभासद बाबू फारूकी, इमरान सैफी, नकी अंसारी, जाकिर फारूकी, भूरे खां आदि मौजूद रहे।

# बाल कलाकारों ने किया संगीतमय रामायण का सुंदर मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** नगर के साप्ताहिक बाजार के निकट स्थित खाटू श्याम मंदिर धाम में शुक्रवार को आयोजित धार्मिक महोत्सव बड़ी धूमधाम और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। पापांकुशा एकादशी एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर हुए इस आयोजन में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या व राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया, ब्लाक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्षपति अरविंद रावत समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दोपहर 2 बजे शुरू हुए कार्यक्रम की शुरुआत बाल कलाकारों की ओर से विश्व प्रसिद्ध रामायण सीरियल पर आधारित संगीतमय रामायण की विशेष प्रस्तुति से हुई, जिसमें बाल कलाकारों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगों को बड़े ही सुंदर तरीके से दर्शाया गया । जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद काशी से पधारे विद्वान आचार्यों ने महाआरती करवाई। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों की मालाओं और रोशनी की लड़ियों से विशेष रूप से सजाया गया था। मुख्य द्वार पर विशाल तोरण और मंच पर आकर्षक सजावट ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही और मंदिर प्रांगण जयकारों से गूंजता रहा। आयोजक मंडल रविन्द्र सिंह ऐडवोकेट उर्फ दद्दू एवं उदयवीर सिंह की समस्त टीम ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# एक नजर

## सात अक्टूबर को जनपद में मनाई जाएगी वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में 07 अक्टूबर 2025 को मनाई जाने वाली वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद में भव्य शोभायात्रा एवं विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने विस्तृत आदेश जारी किए हैं, जिसमें उप जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) तहसील बदायूँ राजेश कुमार सिंह को शोभायात्रा के आगे, उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील बदायूँ मोहित कुमार को शोभायात्रा के मध्य तथा तहस. ीलदार सदर दीपक कुमार को शोभायात्रा के पीछे का दायित्व सौंपा गया है। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट एवं संबंधित थाना प्रभारियों को सुरक्षा, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शोभायात्रा एवं कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हों। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया है कि शोभायात्रा मार्ग पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शक्ति अनुशासन का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर उघैती क्षेत्र में पथ संचलन निकाला। संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपनी शक्ति और अनुशासन का प्रदर्शन किया।शाम 4 बजे शुरू हुए इस आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित होने का संदेश देना था।कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिला प्रचारक राजीव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि संघ की स्थापना 1925 में हुई थी और अब इसने 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं।उन्होंने एक संगठित हिंदू समाज की विजय की आकांक्षा पर जोर दिया।शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में, उघैती और खितौरा में संघ की प्रार्थना के बाद यह पथ संचलन निकाला गया। जिला प्रचारक राजीव और शरद के नेतृत्व में, संघ की गणवेश में स्वयंसेवक खितौरा के पीओएच चिल्ड्रन स्कूल और उघैती से चलकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इसमें खंड कार्यवाह सचिन अंकित तिवारी, संघचालक मदनलाल, आरडी शर्मा, दलबीर सिंह सहित अंग प्रताप, शिवम, अभिनव भारद्वाज, अरुण भारद्वाज, संतोष सिंह, तिलक सिंह, अंकित और देवेश गुप्ता जैसे कई स्वयंसेवक शामिल रहे।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उघैती थाना प्रभारी अवधेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।



# 04 अक्टूबर का होगा समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 04 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से जनपद की समस्त पांचों तहसीलों यथा सदर, बिल्सी, बिसौली, दातागंज एवं सहसवान में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# ई-लॉटरी के माध्यम से होगा मिनीकिट हेतु लाभार्थियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत दलहन बीज (चना, मटर, मसूर) मिनीकिट वितरण हेतु कृषकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारीकी अध्यक्षता में 04 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार को अपरान्ह समय 04:00 बजे विकास भवन सभागार बदायूँ में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के कृषकों द्वारा 01 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य कृषि विभाग के पोर्टल पर दलहन बीज (चना, मटर, मसूर) मिनीकिट प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग की गई थी। उन्होंने उन सभी कृषकों से अनुरोध किया है कि वह 04 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार अपरान्ह समय 04:00 बजे विकास भवन सभागार बदायूँ में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली ई-लॉटरी में प्रतिभाग करें।

# प्रशिक्षण में शत प्रतिशत हो उपस्थिति:एडीएम ई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आगामी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में शुक्रवार को जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में किया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 से 31 अक्टूबर 2025 व दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर चलेगा, जिसके सफल संचालन हेतु समस्त विभागो के माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने निर्देशित किया कि अभियान से सम्बंधित समस्त प्रशिक्षण व बैठकों से वंचित समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्तिथि शत प्रतिशत पूर्ण करा ली जाए। दस्तक अभियान माह अक्टूबर हेतु 08 अक्टूबर 2025 तक आशा व आंगनवाडी से सम्बंधित प्रशिक्षण शत प्रतिशत उपस्तिथि के साथ पूर्ण करा ली जाये। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान से सम्बंधित समस्त विभाग अपने द्वारा बनाये गये माइक्रोप्लान के अनुसार ही दिनांकवार अपने विभाग से सम्बंधित कार्य कराए जिससे की डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ द्वारा किये जाने वाले कार्य के निरीक्षण का फीडबैक अच्छा प्राप्त हो, जिससे कि राज्य स्तर पर जनपद की रैंकिंग उच्चतम हो सके। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने निर्देशित किया कि अभियान से सम्बंधित समस्त प्रशिक्षण व बैठकों से वंचित समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों की उपस्तिथि शत प्रतिशत पूर्ण करा ली जाए। दस्तक अभियान माह अक्टूबर हेतु 08 अक्टूबर 2025 तक आशा व आंगनवाडी से सम्बंधित प्रशिक्षण शत प्रतिशत उपस्तिथि के साथ पूर्ण करा ली जाये। बैठक में डीएमसी यूनिसेफ द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह अक्टूबर हेतु आयोजित की गयी ब्लाक व तहसील स्तरीय बैठकों में प्रतिभागियों की उपस्तिथि की स्थिति से अवगत कराया गया। अभियान से सम्बंधित बैठकों में ग्राम पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी की उपस्तिथि ब्लाक सहसवान में 51 प्रतिशत, अम्बियापुर में 52 प्रतिशत, दातागंज में 52 प्रतिशत है जो कि राज्य स्तर के सापेक्ष अत्यधिक कम है। बेसिक शिक्षा विभाग में अभियान से सम्बंधित नोडल अध्यापकों के प्रशिक्षण में अध्यापकों के उपस्तिथि ब्लाक म्याऊं मे 75 प्रतिशत, दातागंज में 84 प्रतिशत, दहगवां में 86 प्रतिशत है जो की राज्य स्तर के प्रशिक्षण से काफी कम है। नगर पालिका व नगर पंचायत में अभियान से सम्बंधित वार्ड मेंबर की बैठक उपस्तिथि अलापुर में 20 प्रतिशत, दातागंज में 72 प्रतिशत, बिल्सी में 72 प्रतिशत है जो कि राज्य स्तर के प्रतिशत से काफी कम है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सर्विलांस अधिकारी, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत, समस्त सहायक खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डब्लूएचओ व यूनिसेफ के प्रतिनिधि, जिला समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया, जिला समन्वयक अर्बन हेल्थ, समस्त मलेरिया निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति महिला कार्यक्रम का किया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** जिसमें मुख्यमंत्री हैल्प लाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सैवा 112, एम्बूलैंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए सेवा 102, साइबर सेवा 1930, अग्नि शमन सेवा 101 चाइल्ड सेवा 1098, वीमेन सेवा 181 से जुड़े नंबरों की जानकारी से अवगत कराया। महिलाओं को चौबीस घंटे सेवा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार किस तरह नई नई योजनाएं संचालित कर रही है। उसकी जानकारी से अवगत भी कराया गया। इसके अलावा बच्चों को एफआईआर से जुड़ी जानक. ारी दी गई और मिशन शक्ति केन्द्र से जुड़ी जानकारी भी अवगत कराई गई । इस मौके पर थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह उप निरीक्षक गौतम पाण्डेय महिला आरक्षी प्रिया शर्मा, थाना इस्लामनगर जिला बदायूं।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 7464946637 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | बिसौली | 9559558639 |
| बी.के तोमर | संवाददाता | वजीरगंज | 9412302152 |
| पुनीत कुमार | ब्लॉक संवाददाता | खेड़ा नवादा बिसौली | 9528968192 |

# कड़े पहरे में नमाज अदा कर शांति से घरों को लौटे नमाजी

- पुलिस-प्रशासन ने शहर में की थी कड़ी-सुरक्षा व्यवस्था
- हर गली-नुक्कड़ पर फोर्स रही तैनात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली शहर में पिछले शुक्रवार को नमाज के बाद हुए बवाल के मद्देनजर इस जुमा पर पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी रही। शहर से लेकर अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में करीब 8500 पुलिस-फोर्स तैनात रही। बरेली मंडल के पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के अलावा, मुरादाबाद, सहारनपुर और संभल तक पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। बरेली समेत रुहेलखंड और पश्चिमी यूपी के जिलों में शांतिपूर्वक नमाज अदा करके लोग घरों को लौट गए।



ई-पेपर सब्सक्रिप्शन

बता दें कि बरेली में 26 सितंबर को जुमा की नमाज के बाद मौलाना तौकीर रजा ने प्रदर्शन की कॉल की थी। हालांकि मौलाना को रात में ही पुलिस ने नजरबंद कर दिया था। लेकिन नमाज के बाद प्रदर्शन के लिए जुटी भीड़ का पुलिस के साथ टकराव हो गया। पुलिस ने लाठीचार्ज करके भीड़ को खदेड़ दिया था। पुलिस ने हिंसा भड़काने और पुलिस टीम पर हमले के आरोप में शहर के अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की थीं। इनमें 3000 से अधिक नामजद और अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को ही मौलाना तौकीर रजा को गिरफ्तार कर, फर्रुखाबाद की फतेहगढ़ स्थित सेंट्रल जेल भेज दिया था। मौलाना के साथी नफीस अहमद, नदीम खान समेत करीब 85 से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजे जा चुके हैं। बरेली बवाल में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। अब तक आरोपियों की 100 संपत्तियां चिन्हित की जा चुकी हैं, जो बुलडोजर के निशाने पर हैं। इस बीच आला हजरत खानदान से जारी एक संयुक्त बयान में पुलिस-प्रशासन से निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई न करने की अपील की गई है। इस संदेश के साथ कि बेकसूरों पर कार्रवाई बंद की जाए और बुलडोजर का खौफ शांत कराया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।



विरोध की चुनौतियों के बीच जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार की शाम से 48 घंटे के लिए दोबारा इंटरनेट बंद कर दिया था। शुक्रवार को सड़कों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। हजारों की संख्या में पुलिसकर्मी शहर के चप्पे-चप्पे पर डटे रहे।

उधर, दरगाह की ओर से शांतिपूर्वक नमाज अदा करके घरों को लौटने का संदेश जारी किया गया था। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने शनिवार 4 अक्टूबर को 11वीं शरीफ पर निकलने वाले जुलूस-ए-गौसिया को रद्द कर दिया है। पुलिस-प्रशासन और दरगाह के जिम्मेदारों की संयुक्त कोशिशों के बीच बरेली में जुमा की नमाज के बाद कहीं से कोई विरोध की आवाज नहीं उठी और नमाज अदा करके नमाजी शांति के साथ अपने घरों को लौट गए। बरेली के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही स्थितियों पर नजर बनाए रहे और चप्पे-चप्पे की स्थिति भांपते रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमुंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट कर उसपर भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को अपनी हिरासत में ले लिया है। जानकरी के मुताबिक 22 साल के मो. शाहिद पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम परोही ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल की थी। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई, और आरोपी युवक के खिलाफ धारा 353(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सोमवार से खुलेगा तुमड़िया का प्राथमिक स्कूल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** सोमवार से तुमड़िया का प्राथमिक स्कूल खुलेगा। तीन दिन पहले अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

गुजरी 29 सितंबर को सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड के साथ क्षेत्र के गांव तुमड़िया के दर्जनों छात्र उनके अभिभावक एसडीएम उदित पवार से मिले, और उन्हें ग्राम के बन्द किए गए प्राथमिक स्कूल को खुलवाए जाने की मांग की थी। मालूम हो गांव के इस विद्यालय को दो किलोमीटर दूर मुड़िया तेली के प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया था। दो किलो मीटर दूर होने की वजह से छोटे-छोटे छात्र शिफ्ट किए गए स्कूल नहीं जा रहे थे। एसडीएम ने अभिभावकों की इस मांग पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड अभिभावकों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव से मिलीं, और छात्रों के भविष्य को देखते हुए बन्द स्कूल को तत्काल खुलवाए जाने की मांग की। इस मांग पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव सिंह ने तुमड़िया स्कूल की प्रधानाध्यापक को सोमवार से बन्द स्कूल को खोले जाने के आदेश दिए हैं। इसमें बीडीसी अर्जुन, रीना, रजनी, प्रेमपाल, मुनीश कुमार, राजेश कुमार, जीवन राम आदि अभिभावक शामिल थे।

### पुलिस ने सीएम के फोटो के साथ छेड़छाड़ करने वाले भेजे जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नबावगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के छेड़छाड़ किए जाने के मामले में पुलिस ने ग्राम बरौर के इमरान और सलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो को एडिट कर अशोभनीय चित्र लगा दिया था। इस मामले में कुंडरा कोठी के उप निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### कल होगा शमशान भूमि उत्थान समिति का शपथ ग्रहण समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पांच अक्टूबर को होने वाले शमशान भूमि उत्थान समिति के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे की शमशान भूमि उत्थान समिति के विगत दिनों हुए चुनाव में सेवानिवृत कर्मी सुरेंद्र कुमार सक्सेना को अध्यक्ष, धर्मपाल यादव को महामंत्री और महेन्द्र राठौर को कोषाध्यक्ष चुना गया था। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारी भी चुने गए थे। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का पांच अक्टूबर को शाम 5 बजे समिति के कार्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौर के साथ ही समाजसेवी रमेश गंगवार भी भाग लेंगे।

# जुमे की नमाज के लिए हाई अलर्ट, ड्रोन से निगरानी, 8500 सुरक्षाकर्मी तैनात



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए बरेली जिले में इंटरनेट सेवाएं शनिवार तक के लिए निलंबित कर दी गई हैं। प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है और शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ के कुल 8500 जवान तैनात किए गए हैं, जिनमें से लगभग 6000 शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के जरिए छतों की निगरानी की जा रही है। शहर को चार सुपर जोन और चार स्पेशल जोन में बांटा गया है।

पिछले शुक्रवार को हुए उपद्रव के बाद शहर में शांति बनी हुई है, लेकिन कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में जुटे हैं। बवाल के दो दिन बाद इंटरनेट सेवा बहाल होने पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री सामने आई, जिसके बाद खुफिया विभाग ने माहौल फिर से खराब होने की आशंका जताई। दशहरे की छुट्टी के बावजूद गुरुवार को प्रशासन ने आंतरिक तैयारियां पूरी कीं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मिश्रित आबादी और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अफवाहों को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं एहतियातन बंद की गई हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। बरेली जोन के अन्य आठ जिलों से आई पुलिस और पीएसी की टुकड़ियों को शहर में रोका गया है। पिछले शुक्रवार के बवाल के दौरान ड्रोन से रिकॉर्ड किए गए वीडियो के आधार पर पुलिस सतर्क है। इस बार ड्रोन निगरानी के लिए आठ टीमें तैनात की गई हैं, जो सुबह से ही संवेदनशील इलाकों की छतों की जांच करेंगी। शहर को चार सुपर जोन में बांटकर 225 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

### जुमे की नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था

**चार सुपर जोन**

1. मलूकपुर से बिहारीपुर ढाल
2. इस्लामिया मैदान से कुतुबखाना, नौ महला मस्जिद
3. कोहाड़ापीर से बांसमंडी, साहू गोपीनाथ
4. शाहदाना से ईंट पजाया, श्यामगंज व सिकलापुर

**चार स्पेशल जोन**

1. किला (सराय, बाकरगंज चौकी और जखीरा मोहल्ला)
2. सैलानी (बारादरी थाना क्षेत्र का अल्पसंख्यक बाहुल्य हिस्सा)
3. नकटिया (कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया और आसपास के इलाके)
4. बानखाना (प्रेमनगर थाना क्षेत्र का संवेदनशील हिस्सा)

**सुरक्षा बलों की तैनाती**

- चार एसपी (अन्य जिलों से आए आईपीएस अधिकारी)
- 19 एएसपी (बरेली में तैनात आईपीएस और वरिष्ठ पीपीएस अधिकारी)
- 29 सीओ
- 180 इंस्पेक्टर
- 550 दरोगा
- 4800 बरेली पुलिस के सिपाही और दीवान
- 2000 अन्य जिलों से आए सिपाही और दीवान
- 10 कंपनी पीएसी और आरएएफ (लगभग 1200 जवान)
- 200 पुलिसकर्मी और खुफिया कर्मी सादे कपड़ों में भीड़ में रहे।

प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि पांच या इससे अधिक लोगों का बिना कारण इकट्ठा होना कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा। शांति व्यवस्था से संबंधित किसी भी शिकायत या समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 0581-2422202 या 0581-2428188 पर संपर्क किया जा सकता है। बवाल के बाद से सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक और आधी-अधूरी जानकारी फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। एसएसपी की सख्ती के बाद सोशल मीडिया सेल ने ऐसे कंटेंट पोस्ट करने वालों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। तीन यूट्यूबरों को चिह्नित किया गया है, जिनमें दो हजियापुर और एक फरीदपुर के हैं। इनके खिलाफ मुकदमे में नाम शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

# रुद्रपुर से चुराई गई मोटरसाइकिल के साथ तीन ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार




- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** उत्तराखण्ड से चुराई गई एक मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन ऑटोलिफ्टरों को पकड़ा है। पकड़े गए ऑटोलिफ्टरों ने मोटरसाइकिल की पहचान छिपाने के लिये उसपर फर्जी नंबर प्लेट भी लगा दी थी। तीनों युवकों को पकड़ने के बाद पुलिस उन्हें थाने ले आई, और मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

उ0नि0 शिव कुमार मिश्र, रजनीश कुमार, हे0का0 सरजीत सिंह, का0 विकित सोलंकी, संदीप कुमार को रात में गश्त करने के दौरान सूचना मिली कि तीन व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ ग्राम रूड़की मार्ग आईटीआई कॉलेज से पहले लिंक रोड पर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और घेराबंदी कर तीनों युवकों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए तीनों युवकों ने पुलिस को बताया कि उक्त मोटरसाइकिल उन्होंने दिनांक 13.08.2024 को एचडीएफसी बैंक रुद्रपुर से चोरी की थी।

तीनों युवकों ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल की पहचान छिपाने के लिये उन्होंने फर्जी नम्बर प्लेट लगा दी थी। पुलिस पकड़े गए तीनों ऑटोलिफ्टरों सोनू पुत्र महेन्द्रपाल निवासी कोडमपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली हाल निवासी वार्ड न0-04 ट्राजिस्ट कैम्प रूद्रपुर, राजेश पुत्र त्रिवेणी सहाय निवासी गुनाह हट्टू थाना देवरनियां जनपद बरेली हाल निवासी किराया मकान अनिल राजा कालोनी थाना ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर उत्तराखण्ड व बालअपचारी निवासी चकदे परैवा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली के खिलाफ धारा 318 (4)/317(2)/317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

# दशानन का वध होते ही गूंजे श्रीराम के जयकारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** गुरुवार को दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर में जगह-जगह रामलीला में रावण वध का मंचन किया गया। इसके बाद पुतला दहन हुआ। रामलीला मेले में भारी भीड़ उमड़ी।

असत्य और बुराइयों का अंतत: नाश होता ही है, अहंकारी रावण के वध के साथ एक बार रामलीला के मंचों से यही संदेश दिया गया। बृहस्पतिवार रात को रंगारंग आतिशबाजी के बीच श्रीराम ने अंतिम तीर चलाया और देखते-देखते हुए रावण का विशालकाय पुतला जलकर खाक हो गया। इससे पहले कुंभकरण और मेघनाद भी मारे गए। रावण के मारे जाते ही आकाश श्रीराम की जयघोष से गूंजने लगा। बरेली के हार्टमन मैदान पर चल रही उत्तर भारत की सबसे पुरानी 45वीं रामलीला में बहस्पतिवार को विजयदशमी पर खूब भीड़ उमड़ी। शाम ढलते ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। जैसे जैसे दिन ढलता गया मेले को चहल पहल बढ़ती गई। मेले में रावण दहन से पहले अयोध्या से आई टोली ने श्रीराम व रावण के बीच युद्ध का मंचन किया। मंचन में दिखाया गया कि भगवान राम तीर चलाते रहे लेकिन रावण पर सभी बेअसर रहे। विभीषण ने रावण के अमरत्व का रहस्य बताया। इसके बाद राम ने मंत्रोच्चारण करके बाण चलाया तो



रावण चीत्कार करते हुए धराशायी हो होया। कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर उमेश गौतम, भाजय के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे।

सुभाषनगर में चल रही रामलीला में बृहस्पतिवार को श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान आरती से मेले का शुरुआत की गई। इस दौरान भगवान राम व लंकापति के बीच हुए भीषण युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध में किसी तरह से भी रावण का वध न होते देख विभीषण ने राम से उसकी नाभि पर तीर मारने के लिए कहा। नाभि पर तीर लगते ही रावण युद्ध भूमि में गिर पड़ा। उसका वध होते ही जय श्रीराम के जयकारों ने पूरा पंडाल गूंज उठा। मैदान में लगे रावण, मेघवाद, कुंभकरण के पुत्रों का दहन करने के साथ ही आतिशबाजी भी की गई।



सीबीगंज में धूमधाम से मनाया 44वां दशहरा मेला आईटीआर कॉलोनी के चौक पंथा आठ में 44वां दत्तहरा मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले का शुभारंभ सांसद छत्रपाल गंगवार ने किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। मेले में आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। रात नौ बजे रावण के पुतले का दहन किया गया।

# बरेली में नहीं निकलेगा जुलूस-ए-गौसिया

- दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने अंजुमनों के साथ बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कानपुर में बारावफात (ईद मिलादुन्नबी) पर एक पोस्टर पर उठा विवाद बड़ा बवंडर बन गया। बरेली में एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार इंटरनेट शटडाउन है। पिछले जुमे को यहां प्रदर्शन करने उतरी भीड़ पुलिस से उलझ गई थी। पुलिस ने बलप्रयोग करके भीड़ को खदेड़ा और उसके से यहां पुलिस की कठोर कार्रवाई जारी है। बुलडोजर के खौफ ने एक बड़ी आबादी की नींद उड़ा रखी है। इस बीच चार सितंबर को 11वीं शरीफ है, जिसे जश्ने-गौस-ए-आजम है या जुलूस-ए-गौसिया भी कहा जाता है। हालात को देखते हुए दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने इस बार बरेली में जुलूस-ए-गौसिया निकालने से इनकार कर दिया है।

दरगाह के सज्जादानशीन ने अंजुमन गौस-ओ रजा के साथ एक बैठक में ये फैसला किया है। करीब 80 अंजुमनों के साथ पुराना शहर के सैलानी रजा चौक से, शेख अब्दुल कादिर बगदादी, गौस पाक की शान में ये जुलूस निकाला जाता है।



दरगाह और कमेटी ने संयुक्त बयान में कहा कि हालात को देखते हुए इस साल जुलूस रद्द किया गया है। अगली साल पूरी शानो-शौकत के साथ जुलूस निकाला जाएगा। सज्जादानशीन ने कहा कि अपने घरों पर फातिहा, लंगर करें। दोपहर दो बजे सज्जादानशीन की मौजूदगी में रजा चौक पर एक रस्मी यानी संक्षिप्त कार्यक्रम होगा।

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने 26 सितंबर को प्रदर्शन का ऐलान किया था। जुमा को प्रदर्शन की रात पुलिस ने मौलाना को फाइक एंक्लेव में फरहत के घर पर हाउस अरेस्ट कर लिया। जुमे की नमाज के बाद कुछ भीड़ सड़कों पर आ गई और उसे रोकने के दौरान पुलिस से टकराव हो गया। इसके बाद पुलिस ने लाठियां भांजकर भीड़ को खदेड़ दिया। हिंसा भड़काने के आरोप में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा खान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इस प्रकरण में अब तक 85 से अधिक लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। करीब 100 संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जो बुलडोजर की रडार पर हैं। मौलाना के साथी नफीस अहमद, नदीम खान समेत कई लोग जेल जा चुके हैं और बरेली में एक तरह की बेचैनी और भय का माहौल बना है। उधर, पुलिस-प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बरेली में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स का पहरा लगा है। पूरा शहर छावनी बना है। 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद हैं।

# बवाल भड़काने वाले पदाधिकारी और मौलाना के करीबी अंडरग्राउंड



- खुल चुकी तौकीर और नफीस की फाइल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शहर में हुए बवाल के आरोपियों को अधिकतम सजा दिलाने के लिए पुलिस 10 मुकदमों की चार्जशीट को दमदार बनाने में जुटी है। इसमें तकनीकी साक्ष्यों को शामिल करने के लिए एसएसपी ने नौ सदस्यीय टीम गठित की है। साथ ही, धुंधली फुटेज से चेहरों की पहचान के लिए बरेली पुलिस ने विशेष सॉफ्टवेयर खरीदा है।

शहर में शुक्रवार को माहौल भड़काने वाले आईएमसी नेता और मौलाना के करीबी अंडरग्राउंड हो गए हैं। संबंधित थानों की पुलिस इनकी तलाश में दबिश दे रही है तो एलआईयू इनकी भूमिका की जांच कर रही है। इनके निगरानी कार्ड भी जारी करने की तैयारी है।

भड़काऊ बयानों और सोशल मीडिया पर मैसेज व पोस्ट भेजकर आईएमसी प्रमुख की नजरों में कद बढ़ाने वाले कई पार्टी पदाधिकारी व नेता मुकदमों में नामजद होने के बाद जेल जा चुके हैं। कई नामजदों की गिरफ्तारी शेष है तो तीन हजार से ज्यादा अज्ञात लोगों की भीड़ को चिह्नित कर मुकदमे में नाम खोलना भी चुनौती है।

पुलिस नामजदगी बढ़ाने के बाद आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं खुराफात करने वाले घरों से भाग गए हैं। कुछ के घरों में ताले लगे हैं तो कुछ के घरों में महिलाएं व बच्चे ही हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि वीडियो देखकर यह तय किया जा रहा है कि जुलूस में ज्यादा आक्रमकता किसने दिखाई दी। ऐसे लोगों को चिह्नित करने में एलआईयू भी लगी है। एलआईयू इन्हें निगरानी कार्ड जारी करेगी। इसके बाद वह जीवन भर खुफिया अमले की नजर में रहेंगे, और समय-समय पर उनकी मॉनीटरिंग व परेड कराई जाया करेगी।

### मौलाना व नफीस की खुल चुकी है फाइल

एलआईयू ऐसे गंभीर मामलों में पहले आरोपियों का निगरानी कार्ड जारी करती है। किसी व्यक्ति की खुराफात फिर भी बंद न होने पर उसकी अलग से विशेष पत्रावली (फाइल) खोली जाती है। फिलहाल मौलाना तौकीर व उसके करीबी डॉ. नफीस की फाइल काफी समय से खुली हुई है।

### आईएमसी के 77 सक्रिय सदस्य और नेता रडार पर

पुलिस के मुताबिक आईएमसी के 77 सक्रिय सदस्यों व पदाधिकारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। इनमें से कई उस दिन बवाल में शामिल थे, और विभिन्न स्थानों पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व हमले किए थे। अब पुलिस उस दिन इनकी सर्विलांस डिटेल निकालने के साथ ही सीसी फुटेज से सक्रियता का पता लगाने में जुटी है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद मुकदमों में इनका नाम बढ़ाया जाएगा, साथ ही गिरफ्तारी भी की जाएगी। इज्जतनगर थाना क्षेत्र परतापुर निवासी आईएमसी का पूर्व पदाधिकारी हार्टमन स्कूल के पास रहने वाले अपने गुर्गों को लेकर प्रदर्शन में आया था, इनके कई वीडियो वायरल हुए। अब ये लोग दिल्ली भाग गए हैं। फतेहगंज पश्चिमी के कुरतरा गांव निवासी कुछ स्मैक तस्कर व अपराधी छवि के लोग भी मौलाना के बुलावे पर बरेली आए और विरोध किया।

# जाति, सम्प्रदाय, भाषा की दीवारों से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद को अपनाएं: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस (2 अक्टूबर, 2025) पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये डीएम ने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर बधाई दी।



इस अवसर पर डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पूरे जिला प्रशासन की ओर से मैं नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर वहां लिखे स्लोगन की तरफ ध्यान आकर्षण करते हुए उन्होंने कहा कि ''अचारण रहित विचार कितने ही अच्छे क्यों न हो झूठे मोती के समान है।'' अर्थात कथनी-करनी में अंतर होने से कोई लाभ नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि जब गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से आये थे और गंगा तट पर बैठे थे तो उन्होंने देखा कि नदी के दूसरे तट पर एक महिला बैठी थी, जिसके पास अपने शरीर को पूरी तरह ढकने के लिए वस्त्र नहीं थे, तब गांधी जी ने अपनी चादर पानी में बहाकर उस महिला तक पहुंचा दी और शपथ ली कि जब तक पूरे देश के लोगों के शरीर पर वस्त्र नहीं होगा तब तक मैं अपना पूरा शरीर नहीं ढकूंगा। उनका व्यक्तित्व हमें आज भी प्रेरणा देता है।

डीएम ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के परिवार को जब प्रधानमंत्री भवन खाली करना पड़ा तो उनके पास रहने के लिए दो कमरों का मकान भी नहीं था, जहां जाकर उनका परिवार रह सके, तब सरकार ने उनके परिवार के लिए किराये के मकान की व्यवस्था की। उनकी ईमानदारी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिये।

शाह टाइम्स आपके साथ....

हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

### छात्राओं को स्कूटी चलानी सिखाई




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन व वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा जीजीआईसी कॉलेज की बालिकाओं को स्कूटी चलानी सिखाई गई। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना बढ़ सके, ताकि यातायात करने के लिए पुरुष पर निर्भर न रहना पड़े। साथ ही पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नवादा हल्दौर विद्यालय की बालिकाओं के साथ जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के अधिकारों एवं कानूनों के विषय में तथा विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में जानकारी दी गई। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान में विद्यालय के सभी बालिकाएं और महिलाएं शामिल रहीं।

### लवकुश की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार



**नांगल सोती।** दशहरा जुलूस में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कलाकारों ने अपनी झांकियां तैयार कर भाग लिया था। वोटिंग के आधार पर लव कुश की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी चुना गया, जिसे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। द्वितीय झांकी वृक्ष लगाओ, वृक्ष बचाओ और तृतीय झांकी हनुमान जी की रही, जबकि अन्य झांकियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। भूरिया स्रोत आश्रम के महाराज कपिल मुनि द्वारा सभी झांकियों के कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वीरेंद्र शर्मा, सुमित, प्रियांशु, दीपांशु, सोहित कुमार, अंकित कश्यप, मयंक शर्मा, अमित प्रजापति, जनेशपाल, विकास तोमर, गार्विन चौधरी, सतेंद्र कुमार, गोपाल शर्मा, सुशील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गुड टच व बैड टच की जानकारी दी



**चांदपुर।** ग्राम नैनू नांगल में मिशन शक्ति के पंचम चरण के अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर किसी भी विषम परिस्थिति में अपने आपको सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा हिला हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर पर कॉल कर हेल्प प्राप्त कर सकते है। पुलिस द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से छात्राओ कों अवगत कराया गया। महिला हेल्प लाईन नम्बर की पैम्फलेट बांटी गई। कल्याणकारी योजनाओं व गुड टच व बैड टच के बारे में जानकारी दी गयी।

### सड़क किनारे खड़े दो पेड़ों को काटा



**नहटौर।** ग्राम कादीपुर में सड़क के किनारे खड़े शीशम के दो पेड़ों को काट लिया गया। मामले की जानकारी ग्रामीणों द्वारा वन विभाग और पुलिस को दी गई। वन विभाग की टीम और पुलिस के पहुंचने से पहले ही काटे गए पेड़ों को हटा दिया गया। वन विभाग जुर्माना और मुकदमे की तैयारी कर रहा था। वहीं दूसरी ओर लेखपाल तेजपाल सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है। मौके का निरीक्षण किया गया हैं। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### फीडबैक उपलब्ध कराने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज जूम मीटिंग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दो दिनों में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत स्वयं तथा अपने कर्मचारियों एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराएं। उन्होंने पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित करें कि उक्त संबंध में स्वयं तथा ग्रामीणों से भी फीडबैक उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि उक्त संबंध में स्वयं फीडबैक उपलब्ध कराते हुए आमजन को भी अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें। इससे पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य पूर्ण करते हुए उक्त कार्यों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। जिससे कि जिले को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग शासन स्तर से कि जाती है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता ने बरतें।

### शुगर मिल के दो कर्मचारी घायल

**नहटौर।** धामपुर शुगर मिल के कर्मचारी सुरेंद्र कुमार व अरूण कुमार खंडसाल गन्ना क्रय को शुरू करने की तैयारी को लेकर निरीक्षण करने के लिए गए थे। जब वह गांव खंडसाल में नूरपुर मार्ग पर बाईक से खड़े हुए थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाईकों में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गए। घायलों को नीजि अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों मिल कर्मियो ने हेलमेट लगा रखे थे, जिस कारण गंभीर घायल होने से बच गए। हेलमेट एक बार फिर जीवन दायिनी साबित हुआ। धामपुर शुगर मिल की ओर से मिल कर्मियों को हर हालत में हेलमेट लगाकर चलने की हिदायत दी गई है। शुगर मिल की हिदायत पर मिल कर्मियों को हेलमेट लगाना जरूरी है। मिल की हिदायत के कारण दोनों मिल कर्मी गंभीर घायल होने से बच गए।

### दमा के मरीज सात अक्टूबर को खाएंगे खीर

**नहटौर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 अक्टूबर को ग्राम नन्हेड़ा में नरेन्द्र वर्मा के आवास पर सांस एवं दमा के मरीजों को नि:शुल्क खीर खिलाई जायेगी। उक्त आश्य की जानकारी देते हुए आयोजक नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि दवाइयों से निर्मित यह खीर शरद पूर्णिमा को चांद की रोशनी में रखकर 7 अक्टूबर की प्रात: अजान के समय (5 बजे) सांस व दमा के मरीजों को खिलाई जायेगी। सांस व दमा के रोगी समय पर पहुंचकर लाभ उठाएं।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की कोशिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** सूर्य नगर कॉलोनी में ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। शुक्रवार को मौहल्ले के लोगों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी का ही एक दबंग व्यक्ति रेलवे फाटक के पास स्थित ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

मौहल्लेवासियों का कहना है कि इस मुद्दे पर कई बार प्रशासन से शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब आरोप है कि राजस्व विभाग के एक लेखपाल ने बिना



## राजस्व विभाग पर पक्षपात का आरोप

किसी जांच के गलत रिपोर्ट लगा दी है, जिससे कब्जा करने वाले को बढ़ावा मिल रहा है।

स्थानीय लोगों ने चेताया कि यदि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा हुआ तो कॉलोनी का रास्ता संकरा हो जाएगा और लोगों के आने-जाने में कठिनाई होगी। इस दौरान मौहल्ले की महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या मौजूद रही। उन्होंने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सविता अरोड़ा, दीपा चौधरी, किरण चौहान, लोकेश कुमारी, पारुल चौहान, बबीता, कमला, उमा, धर्मावती, आदेश, ममता, वर्षा कश्यप, सुमित्रा, आशा सहित अन्य लोगों ने भूमि पर अतिक्रमण रोकने और कब्जा हटाने की मांग की। लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम ने किया गश्त




शाह टाइम्स संवाददाता

**बढ़ापुर।** वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बढ़ापुर व साहूवाला वन रेंज ने उत्तराखंड की पाखरो और मोरघाटी वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में गश्त किया गया। इस दौरान लोगों से वन्य सुरक्षा की अपील की गई।

वन विभाग द्वारा वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज, एसडीओ अंशमान मित्तल, बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार यादव, साहूवाला वन क्षेत्राधिकारी रामवृक्ष

## वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम

राव ने उत्तराखंड की पाखरो व मोरघाटी के वन क्षेत्राधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से कस्बे में पैदल गश्त किया।

गश्त नगर पंचायत से शुरू होकर मौहल्ला नौमी, पुलिस चौकी, मेन बाजार, कुंजैटा तिराहे से होते हुए बस स्टैंड तक किया गया। बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि कस्बे में पैदल गश्त के बाद टीम ने ग्राम हरेवली, शाहनगर कुराली, मदपुरी आदि गांव में पहुंचकर पैदल गश्त किया और वाहनों द्वारा उत्तराखंड की मोरघाटी रेंज पहुंचकर लोगों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए अपील की गई है।

# मिशन शक्ति अभियान: धामपुर में कोतवाल ने दी सुरक्षा की पाठशाला



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** प्राथमिक विद्यालय नींदडू में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत धामपुर कोतवाल राजेश चौहान ने बच्चों और अभिभावकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

कोतवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर है। अगर कोई महिला रात के समय अकेली है, तो वह 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस से मदद मांग सकती है। महिला पुलिस पीआरवी तुरंत मौके पर पहुंचेगी और उसे सुरक्षित घर तक पहुंचाएगी।

कोतवाल ने अभिभावकों से भी अपील की कि यदि बच्चा स्कूल जाने में हिचकिचाए या किसी तरह की परेशानी व्यक्त करना चाहे, तो उसकी बात को गंभीरता से सुना जाए। बच्चों की छोटी-छोटी बातें कई

## अभिभावकों से बच्चों की बात सुनने की अपील

बार बड़ी घटनाओं को रोक सकती हैं। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया। बच्चों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में पुलिस और जनता के बीच तालमेल और विश्वास की झलक साफ दिखाई दी। उपनिरीक्षक देवेंद्र राठी, हेड कांस्टेबल मांगेराम, ममता कांस्टेबल, शिखा, चौकी प्रभारी ब्रज किशोर शर्मा, हेड अध्यापक धर्मराज सिंह, लोकेश कुमार, मनीष कुमार, नवीन कुमार आदि का सहयोग रहा।

# गायत्री प्रजापति पर हमले से आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जेल में धारदार हथियार से हुए हमले को लेकर राष्ट्रीय प्रजापति महासभा में गहरा आक्रोश है।

महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. ए. के. दक्ष के नेतृत्व में समाज के लोगों ने पहुंचकर राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जेल में हुआ हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। इससे साफ है कि जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। समाज के लोगों ने कहा कि जब पूर्व मंत्री



## प्रजापति महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जेल में सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक की सुरक्षा की गारंटी कैसे दी जा सकती है।

महासभा ने गायत्री प्रसाद प्रजापति को हर हाल में पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए, बेहतर इलाज हेतु उन्हें उच्च स्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया जाए, जेल में उन्हें विशेष बैरक उपलब्ध करने सहित 6 मांगे रखी। पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि अगर सरकार ने तत्काल प्रभाव से कदम नहीं उठाए तो प्रजापति समाज सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

ज्ञापन देने वालों में पंकज कुमार दक्ष, क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति, बृज मोहन प्रजापति, नीरज कुमार, दीपक कुमार, रूपा देवी, दिनेश कुमार नवादा, सुरेन्द्र कुमार, पतराम सिंह, तुलाराम, कमल, विनोद, सुन्दर सिंह प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजसेवी मौजूद रहे।

# सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मां तारा देवी आश्रम हादकपुर में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा आज लंकाधिपति रावण के वध तथा श्री राम के मां जानकी अनुज लक्ष्मण तथा कपियों सहित वापस अयोध्या लौटकर राज्याभिषेक होने पर संपन्न हो गई।

कथा वाचक डॉ. दीप सौरभ सिंह गुरू ने मेघनाद द्वारा लक्ष्मण मूर्छा, संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मण मूर्छा भंग, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, सुलोचना का सती होना, तत्पश्चात आतताई रावण वध एवम् प्रभु श्री राम का अयोध्या में राज्याभिषेक सहित तमाम प्रसंगों को बहुत ही भक्ति भाव से सुनाया। जिसे श्रोताओं ने पूरे भाव विभोर होकर सुना।



लक्ष्मण मूर्छा एवं सुलोचना सती प्रसंग को सुनते हुए सभी श्रोता अश्रुपूर्ण होकर भावुक हो उठे।

सुलोचना द्वारा यह बताना कि लक्ष्मण और मेरे पति का युद्ध तो एक दिखावा था ऊपरी पर्दा था वास्तव में तो दो सतियों का सत युद्ध भूमि में लड़ रहा था। किंतु मैं अकेली पड़ गई जबकि दूसरी तरफ लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के साथ में श्री राम जी की भार्या सीता का सत भी था। फिर मेरे स्वामी अधर्म की और से युद्ध कर रहे थे, इसीलिए यह युद्ध प्रमिला से उर्मिला ने जीत लिया। सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

कथा के सम्पन्न होने पर लघु भंडारे के माध्यम से प्रसाद वितरण किया गया।

श्री राम कथा में मुख्य रूप से महाराज लाल भारती, राम नारायण सिंह तिवारी, राजेंद्र सिंह, छोटे सिंह प्रधान, दिलीप सिंह, खुशीराम सिंह, डॉ. कैलाश सिंह, रोहिणी, ज्योति, कामेश्वर प्रसाद, नवदीप, अमित फौजी, यशपाल सिंह, गीत गौरव, राकेश प्रधान आदि का सहयोग रहा।

श्री राम कथा के मुख्य यजमान शशिबाला देवी, प्रतीक्षा देवी, धर्मवीर सिंह व रितु कुमार रहे।

# अपात्रों से आवास खाली कराने की मांग

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** समाजसेवी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायत भेज कर डूडा कॉलोनी में अपात्र अवैध कब्जा धारियों से आवास खाली करा कर पात्र लोगों को कब्जा दिलाने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला गौहर अली खां निवासी समाजसेवी शाहनवाज हसन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराते हुए नगर की डूडा कॉलोनी में बने आवासों पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा निजी स्वार्थ कि पूर्ति के लिए नगर से बाहरी व आपात्रों को अवैध रूप से कब्जा तथा अवैध आवंटन करा दिया गया। जबकि नगर निवासी बेसहारा गरीब व्यक्ति के परिवार डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित होने के बावजूद हाथ में रसीद लिए कब्जा लेने के लिए भटक रहे हैं। नगर के मौहल्ला चिरंजी लाल निवासी ओमवती पत्नी मान सिंह रसीद संख्या 27 तथा धीरू सिंह पुत्र दयाल सिंह रसीद संख्या 28 जैसे असहाय गरीब परिवार डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित होने के बावजूद कब्जा लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है। कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है समाजसेवी शाहनवाज हसन ने गरीबों का दुख दर्द देखते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत कर निष्पक्ष जांच उपरांत अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पीड़ित पात्र परिवारों को कब्जा दिलाने की मांग की।



गौरतलब है कि नगर में गरीब, जरूरतमंद पात्र परिवार टूटे-फूटे कच्चे आवासों में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। यही हाल डूडा आवास योजना का है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में रसूखदार पूंजीपतियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास आवंटित कर दिए गए, जो उन्होंने किराए पर चला रखे हैं। यदि ईमानदार अधिकारी द्वारा जांच कराई जाए तो 50% डूडा कॉलोनी खाली हो जाएगी और कई परिवारों को उनका हक मिल जाएगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में यहां अपराधों का ग्राफ तो गिरा परंतु अधिकारियों का भ्रष्टाचार चरम पर है।

## एक नजर

### महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि



**नगीना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्र की एकता, स्वतंत्रता व अखंडता की शपथ दिलाई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने इस अवसर पर गांधी जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गांधी जी राष्ट्रपिता कहलाए और उन्हें स्नेहपूर्वक बापू कहा जाने लगा। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दायित्वों को बेहतर तरीके से निभाने पर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का भी आह्वान किया गया।

### मेले में खोया बच्चा मां-बाप को सौंपा



**अफजलगढ़।** मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम दशहरा मेला में चैकिंग व शान्ति व्यवस्था ड्यूटी कर रही थी। उसी दौरान एक महिला ने बताया कि उसका ढाई वर्ष का बच्चा रितिक खो गया है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम बच्चे को इधर-उधर तलाश करने में लग गई तथा उसकी माँ को सांत्वना देती रही। काफी तलाश के बाद बच्चा खिलौने की दुकान के पास रोता हुआ पाया गया। बच्चे को उसके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, उ.नि. प्रवीण कुमार, थाना उ.नि. जयवीर सिंह, उ.नि. श्रीमति रीनू पंवार, का. विशाल, का. रजनीश, का. दीपा शामिल थे।

### रेलवे फाटक के जल्द निर्माण की मांग



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने बताया कि कालाखेडी फाटक के अंडरपास निर्माण कार्य जो काफी समय से रुका हुआ है। जिससे नगीना व आस-पास के गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर नगीना सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के निर्देशानुसार नगीना-कालाखेडी फाटक पर पहुंचकर स्टेशन मास्टर नगीना से मिले। स्टेशन मास्टर ने एयर असिस्टेट डिवीजन इंजीनियर नजीबाबाद जेपी सिंह से बात कराई। उन्होंने कल (आज) से ही अंडरपास पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। श्री सिद्दीकी ने कहा कि अगर अंडरपास का काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (काशीराम) बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि नगीना लोकसभा रोहित सागर, प्रदेश सचिव आरिफ मालिक, विपिन गुथलिया, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, निपेन्द्र कुमार, असलम सिद्दिकी नगर अध्यक्ष नगीना, सुनील जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी, आशीष रवि, अजय कुमार, अमित कुमार, अरविंद सिंह, रेहान आदि मौजूद रहे।

### गांधी मूर्ति पर विचार गोष्ठी



**नगीना।** अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले पूज्य महात्मा गांधी व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर के कांग्रेस जनों ने गांधी मूर्ति पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी ने की तथा संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता व कांग्रेसी एडवोकेट राकेश मिश्रा ने किया। विचार गोष्ठी में अपने विचार प्रकट करते हुए जिला उपाध्यक्ष शेख अंजार ने कहा कि महात्मा गांधी के उसूलों पर चलकर देश ने अंग्रेजों से आजादी हासिल की थी। विचार गोष्ठी में जिला सचिव अभिषेक मिश्रा व जिला सचिव इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई ने बरेली में हुई घटना में हिंसा की घोर निंदा की और प्रदेश के मुख्यमंत्री का आह्वान किया की घटना की एसआईटी से जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए। विचार गोष्ठी में काजी अरशद मसूद, अकबर जावेद, मास्टर अली हसन, रईस राज, शोएब सिद्दीकी, इरफान सिद्दीकी, एडवोकेट दिलशाद मौजूद रहे।

### एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



**चांदपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। मांग पत्र में कहा कि आजकल बढ़ती मंहगाई, आत्महत्याएं, शिक्षा व बेरोजगारी, सार्वजनिक क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र में रोजगार की समस्या, किसानों की फसलों के लाभकारी दाम नहीं मिलने से बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित हो रहे है जो कि अत्यंत ही चिंता का विषय है। आम जनता थाना तहसीलों में बढ़ते भ्रष्टाचार से परेशान है। रोजगार न मिल पाने से बेरोजगार युवा कुंठित हैं। गन्ना मिलों को अक्टूबर माह में ही चालू कराने, गन्ने का दाम 450 रू. प्रति कुंतल करने, किसान की आयु 60 वर्ष होने पर 6 हजार रू. मासिक पेंशन देने, प्रदेश मे विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा में निजीकरण नहीं करने, जर्जर सड़कों को शीघ्र बनवाये जाने व गंगा नदी पर बांध की मांग को पूरा किये जाने, बिजली की जर्जर लाईनों को शीघ्र बदलवाये जाने की मांग की गई। मांग पत्र पर कृष्ण कुमार, तुलाराम सिंह, जोगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, जगराम सिंह, दयाराम सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर है। मांग पत्र देने वालों में कामरेड अमर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# फांसी के फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी के शव

## घटना से इलाके में फैली सनसनी, एक दिन पहले दोनो में हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सूबरा में बीती रात्रि पति-पत्नी के शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटके मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई।





शुक्रवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उनके होश उड़ गये। गांव सूबरा निवासी 35 वर्षीय विजय पुत्र बुद्धा एवं उनकी पत्नी भुरिया के शव लटके हुए थे। परिजनों द्वारा दोनों के शवों को तत्काल फंदे से नीचे उतारा गया। मृतक पति-पत्नी के परिवार में दो बेटी एवं एक बेटा है। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। गुरुवार की शाम किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। दोनों ने घर के ही कमरे में फांसी लगाई है। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे दोनों को फांसी के फंदे से नीचे उतरा गया। घटना की सूचना पर आदमपुर थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गये। हालांकि परिजन पुलिस से पोस्टमॉर्टम कराने की का इंकार कर रहे थे। लेकिन पुलिस पोस्टमॉर्टम करने की जिद पर अड़ गई। दोनों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। मृतक विजय का शव कमरे में पंखे पर लटका हुआ था। जबकि बराबर में स्थित पत्नी भूरिया का शव एक कुंडे में साड़ी के सहारे लटका हुआ था। माता-पिता की मौत से बेटे देवेंद्र,आदेश बेटी बबली का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका भूरिया उर्फ भूरी के मायके के तहेरे भाई अमरपाल के मुताबिक दोनों के बीच अक्सर विवाद रहता था। आये दिन दोनों के बीच कहासुनी होती रहती थी। जिसके चलते दोनों ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया की कल आपस में किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच लड़ाई हुई थी। उसके बाद रात में उनके द्वारा सुसाइड कर लिया गया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है



### बच्चे बोले! कहां चले गये मम्मी-पापा

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। कमरे में लटके माता-पिता के शव देख मासूम बच्चे बार-बार सवाल कर रहे थे मम्मी-पापा कहाँ चले गये? उनके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। ग्रामीण बताते हैं कि यह मंजर देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। नन्हे-नन्हे मासूमों की जिंदगी से माँ-बाप का साया उठ गया।

### चीखों से गूंज उठा गांव सूबरा

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। शुक्रवार सुबह जब दरवाजा खुला तो भीतर का दृश्य देखकर पूरे घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों की करुण पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी दौड़े चले आए। देखते ही देखते गांव की गलियां मातम में बदल गईं। हर कोई यही कह रहा था काश कल रात झगड़ा इतना न बढ़ा होता...

### कौन करेगा इन मासूमों की परवरिश

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। विजय और भूरिया की मौत के बाद गाँव में सबसे बड़ा सवाल बच्चों के भविष्य को लेकर उठ खड़ा हुआ है। रिश्तेदारों ने भले ही उनकी जिम्मेदारी निभाने की बात कही, मगर हर किसी की आंखों में यही चिंता साफ झलक रही थी कि इन मासूमों के सिर से माँ-बाप का साया हमेशा के लिए उठ चुका है। विजय और भूरिया के तीन छोटे बच्चों पर माता-पिता की मौत के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बच्चे बिलख-बिलखकर रो रहे हैं। रिश्तेदार उन्हें संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मासूमों का रोना हर किसी का दिल दहला रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब इन बच्चों की परवरिश सबसे बड़ी चुनौती होगी।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार किसान की मौत

## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार की मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द निवासी फतेह सिंह पुत्र हेतराम शुक्रवार की दोपहर घर पर बाइक में पेट्रोल डलवाने की बात कह कर निकला था। जब वह नगर के रहरा रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समीप पहुंचा तो बाइक सवार ट्रक की चपेट में आ गया तथा ट्रक उसे कुचलते हुए आगे को बढ़ गया। जिससे फतेह सिंह आयु 45 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक सवार की मौत होने से मौके पर काफी भीड़ लग गई तथा सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगने के लगने के कारण जाम लग गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर फतेह सिंह के शव की शिनाख्त करवाने का पुलिस ने प्रयास किया। जब लाश की शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने आनन फानन में फतेह सिंह के शव को उठाकर सील करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेह सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिजन कोतवाली पहुंच गये। फतेह सिंह अपने पीछे पांच बच्चों व पत्नी सरोज को रोते बिलखते छोड़ गये हैं। पुलिस ट्रक को कब्जे मे लेकर कोतवाली पहुंच गई। ट्रक टमाटरों से लदा हुआ था। बंदरों ने ट्रक पर बंधे तिरपाल को फाड़ कर उसमें से टमाटरों को निकालकर खाना शुरू कर दिया



### मुनाफे का झांसा देकर 45 हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर ठग ने युवक कसे 48 हजार रूपये ठग लिये। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे दी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती कलां निवासी रहमत अली किसी कम्पनी में पीतल के बर्तनों पर पॉलिश की ठेकेदारी करता है। तीस सितम्बर को उसके मोबाइल पर अंजान नम्बर से कॉल आयी। जिसमें कॉल करने वाले खुद को ट्रेडिंग कम्पनी का प्रतिनिधि बताया तथा शेयर बाजार में रकम लगाने का झांसा देकर रहमत अली से 43 हजार 500 रूपये खाते में जमा करा लिये। इसके बाद दो अक्टूबर को चार हजार पांच सौ रूपये फिर जमा कराये। और रकम मांगने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ तथा उसने डिडौली कोतवाली पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

# दुष्कर्म में झोलाछाप को सात साल की कैद

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किशोरी से दुष्कर्म के सात वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने झोलाछाप को सात साल का कठोर कारावास जबकि दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

घटना नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव में हुई थी। यहां पर किसान का परिवार रहता है। मुरादाबाद जनपद के कांठ थानाक्षेत्र के रवतापुर नवादा का रहने वाला शमीम गांव में डॉक्टर की दुकान करता था। 11 जुलाई 2019 को शमीम ने किसान की 16 वर्षीय बेटी को बहलाकर प्रयागराज ले गया। इस मामले में किसान ने शमीम के खिलाफ किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित किसान ने समीम के घर जाकर अपनी बेटी के बारे में पूछा तो उसके परिजनों ने भी गालियां दीं। जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया था। इसी बीच किसान और उनके परिजनों ने शमीम को इलाहाबाद हाई कोर्ट के गेट से पकड़ लिया। उन्होंने अपनी नाबालिग बेटी को भी बरामद कर लिया था। लेकिन, शमीम ने अपने अपहरण करने की बात कहकर किशोरी के पिता समेत छह लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा लिखवा दिया। इस मामले में इलाहाबाद कैंट थाना पुलिस ने किशोरी के पिता समेत सभी छह लोगों को शमीम के अपहरण की को. शिश में जेल भेज दिया था। बाद में नौगांवा सादात पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कराए जिसमें किशोरी ने शमीम पर बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसके बाद नौगांवा सादात पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धाराओं की बढ़ोतरी की और आरोपी शमीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर था। प्रयागराज में दर्ज हुए मुकदमे से जमानत पर छूटकर आए किशोरी के परि. जनों ने मुकदमे की पैरवी की। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी बसंत सिंह सैनी पैरवी कर रहे थे। शुक्रवार को न्यायालय ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी शमीम को दोषी करार दिया। साथ ही उसे सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है

## एक नजर

### बाबा साहेब पर अभद्र टिप्पणी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी कर वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो काफी चर्चा में रहा। जब यह अधिकारियों पर पहुंचा तो छीनबीन शुरू करायी गयी। पता चला कि उक्त वीडियो देहात थाना क्षेत्र के गांव भौपुर तैया निवासी अभिषेक पुत्र नन्हें सिंह ने बनाकर वायल किया है। जिसमें बाबा अम्बेडकर के खिलाफ उसने अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। आनन फानन में पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया।



### पालिका ने पकड़वाए कुत्ते

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा**। नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया।शहर के मौहल्ला शिवपुरी व कटरा से पालिका कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाकर 20 कुत्ते पकड़े गए। अभियान लगातार जारी रहने की बात कही जा रही है। नगर पालिकाध्यक्ष, ईओ व एसडीएम से बीते दिनों लोगों ने शिकायत करते हुए आवारा कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की थी। नगर पालिका ईओ अवधेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरुआत नगर के मौहल्ला कटारा से की गई। इसके बाद मोहल्ला शिवपुरी में आवारा कुत्ते पकड़े गए। दोनों मोहल्लों से 20 कुत्ते पकड़े गए हैं। कुत्तों को शहर से बाहर छोड़ दिया है। नगर पालिका की कार्रवाई से संबंधित लोगों ने राहत की सांस ली है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

## बिना कानूनी कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबा. जपुर ढोला में 20 वर्षीय नवविवाहिता प्रेमवती का शव उसके घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिलने से घर मे सनसनी फैल गई। यह मंजर देखकर परि. जनों में हड़कंप मच गया और उनकी चीख निकल गई। मृतका प्रेमवती की शादी इसी साल 16 अप्रैल 2025 को शाहबाजपुर ढोला निवासी हंसराज के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मुबारिजपुर कला स्थित मायके वाले मौके पर पहुंच गये। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आदमपुर थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल मायके वालों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मामले की जांच जारी है।

# बरेली विवाद को लेकर प्रशासन सतर्क

## जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा में हुई नमाज, ड्रोन से निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आइ लव मोहम्मद प्रकरण को लेकर बरेली में हुए बवाल के मद्देनजर शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। सुबह से ही सभी थाना प्रभारी क्षेत्र में गश्त करते रहे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भी नगर क्षेत्र में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। दोपहर बाद जिलेभर में जुमा की नमाज सकुशल संपन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को सुबह से ही एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानों की पुलिस ने क्षेत्र में गश्त शुरु कर दी थी। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर 12 बजे से विभिन्न मस्जिदों में नमाज शुरु हुई। वहीं सभी सीओ उनके क्षेत्र में थाना प्रभारियों के साथ गश्त पर रहे। ड्रोन से भी निगरानी की गई। दोपहर तक जिले में सभी जगह जुमा की नमाज सकुशल संपन्न हो गई। कहीं भी विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। खुद एसपी अमित कुमार आनंद ने नगर क्षेत्र में एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर व स्वाट टीम के साथ नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, संवेदनशील स्थानों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन को आश्वस्त किया गया कि त्योहारों के अवसर पर पुलिस प्रशासन पूर्णत सतर्क एवं मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की अराजकता, अशांति अथवा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे व शांति के साथ मनाया जाए। एसपी ने बताया कि जिलेभर में डायल-112 पीआरवी वाहनों को रणनी. तिक स्थानों पर तैनात कर त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना स्तर पर पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त एवं सतत भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग दें



अमरोहा। जुमे की नमाज को लेकर जामा मस्जिद का मौजूद एसपी व पुलिस कर्मी।

# हसनपुर में खुंखार कुत्तों ने 13 को किया घायल

## तीन गंभीर हालत में रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आवारा खूंखार कुत्तों ने 1 दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। 3 को हॉयर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

ग्रामीण इलाके के साथ-साथ शहर में भी आवारा कुत्तों का आतंक फैला हुआ है। शहर में आवारा कुत्तों का आलम है कि 2 दिन के भीतर वह 13 लोगों को काटकर घायल कर चुके है। गुरुवार में शनिवार को आवारा कुत्तों ने संतोष, नीरज व प्रतीक पर हमला बोलकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसके साथ ही तनवी आयु 6 वर्ष, वकील 18,



जयवीर 50, रुखसाना, नीरज 25, शशि अनीस 50, शिवा 25, रिंकू 6, अनुराधा 42 पर कुत्तों ने हमला बोल. कर उन्हें भी बुरी तरह से घायल कर दिया। चिकित्सकों ने संतोष, नीरज व प्रतीक को हालत नाजुक होने पर हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पर तीनों की हालत चिंता. जनक बनी हुई है। नगर में जगह-जगह कुत्तों के झुंड बैठे रहते है। अब यह खूंखार भी हो चुके है। मौका देखते ही महिलाओं खासकर बच्चों पर यह हमला बोलकर उन्हें घायल कर देते हैं। कई बार नगर पालिका से नागरिकों द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की गई है। लेकिन पालिका ने इस मामले में खाना पूर्ति कर मामले में इत्रश्री कर दी।




### महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। ईओ विपिन कुमार सेंगर ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास करा रहीं है। नगर पंचायत में उत्कष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। ईओ विपिन कुमार सेंगर ने कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास कराया है। वह बार्डर पर देश की रक्षा करने से भी पीछे नहीं है। जबकि देश के सर्वोच्च पद पर भी महिला ही आसीन है। हम सभी को महिलाओं को सम्मान करना चाहिये। आज वह घर के चूल्हे चौके से निकालकर देश सेवा में अपना योगदान दे रहीं है। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, मौ. नोमान, संजय कुमार व स्टाफ मौजूद रहा।

### आतिशबाजी से जगमगा उठा आसमान, महिलाओं ने मीना बाजार से की खरीदारी

# अंहकारी रावण का धूं-धूंकर जला पुतला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। भगवान राम के तीर से अंहकारी रावण का वध हो गया। इस दौरान जयश्रीराम के नारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। रामलीला मैदान में जमकर आतिशबाजी की गयी। लोगों ने जश्न मनाया जबकि मीना बाजार से महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

रामलीला के आखिरी दिन भगवान रा व रावण के भीषण युद्ध का मंचन किया गया। इस दौरान श्रीराम ने रावण की नाभी को निशाना बनाकर तीर छोड़ा तथा उसका वध किया। रावण के मरते ही जय श्रीराम के नारों की गुंज सुनाई दी। इस दौरान ग्राउंड में रावण का पुतला धूं धूंकर जला जबकि कमेटी द्वारा जमकर आतिशबाजी की गयी। मीना बाजार में महिलाओं ने श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। नगर ही नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी यहां लोग राम रावण का युद्ध देखने पहुंचे। राम के रूप में सजे कलाकारों के साथ ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

**दशहरे के अगले दिन जोया में हुआ रावण दहन**

मंयक कुमार मोनू ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले का दहन किया। उसके दस शीष कटकर हवा में लहरा रहे थे। आतिशबाजी से पूरा आकाश जगमगा उठा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल यहां मौजूद रहा। इस मौके पर भाजपा नेता विजय पाण्डेय, अनिल त्यागी, अतुल चौधरी, विपिन कुमार, सुभाष गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, सुशील गुप्ता, राजू टांक, बब्लू गुड्डू, राजीव, चन्द्रपाल, परमजीत सिंह, जीतू, अंकित चौधरी, शुभम चौधरी आदि मौजूद रहे।

● भारत तीसरे दिन ही अहमदाबाद टेस्ट जीत जाएगा!

# राहुल, जुरेल और जडेजा की सेंचुरी

● **पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 286 रनों की बढ़त ली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच पर पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबले के पहले दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं। आलराउंडर रवींद्र जडेजा 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 रन पर नाबाद लौटे। जडेजा से पहले ध्रुव जुरेल (125 रन) और केएल राहुल (100 रन) ने भी सेंचुरी लगाई। पहली पारी के आधार पर भारत की बढ़त 286 रन की हो गई है। अब इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि यह मुक. ाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो जाए। वेस्टइंडीज अगर दूसरी पारी में संघर्ष करता है, तब भी मैच का चौथे दिन से आगे जा पाना काफी मुश्किल है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन 121/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन के अपने स्कोर में 32 रन और जोड़े। वे पूरे 50 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को कैच थमा बैठे। गिल ने 48 गेंदों का सामना किया और 4 चौके जमाए। गिल और केएल राहुल ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 98 रन जोड़े। केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई भारतीय ओपनर केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई। वे पूरे 100 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने 197 गेंदों का सामना किया और 12 चौके जमाए। उनका विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन को मिला। यह राहुल की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सेंचुरी है। उन्होंने सबसे ज्यादा पांच सेंचुरी इंग्लैंड के खिलाफ जमाई है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके नाम दो-दो सेंचुरी है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक-एक शतक लगाया है। जुरेल और जडेजा के बीच 206 रन की पार्टनरशिप जिस समय राहुल आउट हुए थे भारत का स्कोर 218 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की पार्टनरशिप कर भारत को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जुरेल ने 190 गेंदों पर 12 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का पहला शतक है। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 90 रन था। वहीं, जडेजा ने 168 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्के जमाते हुए सेंचुरी बनाई। वे अपनी अब तक 176 गेंद खेलकर 104 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन कैसे खत्म हो सकता है मुकाबला भारतीय टीम की बढ़त आलरेडी 286 रन की हो गई है। चौथे दिन टीम इंडिया 400 के आस-पास की लीड लेकर पारी घोषित कर सकती है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 44 ओवर ही टिक पाई थी। दूसरी पारी में भी ऐसा होता है तो यह मैच तीसरे दिन ही अपने अंजाम पर पहुंच सकता है। 126वें ओवर की तीसरी बाल पर रवींद्र जडेजा ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने जोमेल वारिकन की तीसरी बाल पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। उसके बाद अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में सेलिब्रेट किया। जडेजा ने बल्ले को तलवार की तरह हवा में लहराया। 123वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खारी पियर को शाई होप के हाथों कैच कराया। पियर ने 206 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में अपनी पहली पारी में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जुरेल ने 120वां ओवर डाल रहे जोमेल वारिकन की दूसरी गेंद पर चौका लगाया। इसी चौके ने टीम का स्कोर 400 पार पहुंचा दिया। 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया।



केएल राहुल

## शतकवीरों के अलग-अलग सेलिब्रेशन

**अहमदाबाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शुक्रवार को तीन भारतीय बल्लेबाजों केएल राहुल,

ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। तीनों बैटर्स ने अपने शतक को अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट को तलवार की तरह घुमाया तो वहीं ध्रुव जुरेल ने आर्मी में रहे अपने पिता को आर्मी स्टाइल में सैल्यूट किया। बतौर कप्तान शुभमन गिल भारत में पहला मैच खेल रहे हैं। गिल ने भारत की पहली पारी में 50 रन बनाए। यह कप्तान के रूप में गिल की देश में पहली फिफ्टी है। उन्होंने 56वें ओवर में खारी पियर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में भी उनकी पहली हाफ सेंचुरी रही। केएल राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। ये उनके टेस्ट करियर का 11वां और भारत में दूसरा शतक है। उन्होंने 2016 के बाद से घर पर एक भी सेंचुरी नहीं लगाई थी।

● **केएल राहुल ने सीटी बजाई रवींद्र जडेजा ने बैट को तलवार की तरह लहराया, ध्रुव जुरेल ने आर्मी सैल्यूट किया**

राहुल ने शतक पूरा करने के बाद पहले हेलमेट पर लगे तिरंगे को चूमा और फिर सीटी बजाई। सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि केएल राहुल ने ये जश्न अपनी बेटी को समर्पित किया है।

राहुल के बेटी इवारा इसी साल 24 मार्च को पैदा हुई थी। ध्रुव जुरेल ने 71वें ओवर में भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। रोस्टन चेज की बैक आफ लेंथ बाल पर ध्रुव जुरेल बैकफुट पर गए और मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाया रवींद्र जडेजा ने जोमेल वारिकन की बाल पर सिंगल लेने के साथ 168 बाल पर अपनी सेंचुरी पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया।



रवींद्र जडेजा

जडेजा अक्सर फिफ्टी या सेंचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। भारतीय पारी के 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया। सेंचुरी लगाने के बाद जुरेल ने आर्मी स्टाइल में पिता को सेंचुरी डिडकेट की। ध्रुव ने अपने बल्ले को आर्मी जवान की राइफल बना दिया और फिर सैल्यूट भी किया।

ध्रुव जुरेल के पिता नेम चंद भारतीय सेना से रिटायर हवलदार हैं। जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए।



ध्रुव जुरेल

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओलनग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जाएंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है।

### यश की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

**नागपुर, वार्ता।** ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है। शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा। उन्हें आदित्य ठाकरे ने आउट किया। इसके बाद सारांश जैन (10), आकाश दीप (14) रन को यश ठाकुर ने आउट किया। शेष भारत का नौवां विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिरा।

## चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग में जीता रजत




**नॉर्वे, वार्ता।** भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं।

इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड

● **मीराबाई चानू ने 109 किग्रा से शुरूआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया**

जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकच. ारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं।

2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

## एरेल मिडलटन ने 10 बार की चैंपियन अनुभव चीनी स्टार को हराया

**दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमे. रिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की।

12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12-.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमे. रिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12:08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

## फीफा विश्व कप-2026 की आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण



**मास्को, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया।

इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है

● **फीफा ने अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया**

और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है, जो मेजबानों की तिकड़ी का प्रतीक है। गेंद में एक अत्याधुनिक मोशन सेंसर चिप लगी है, जो गेंद की गति की जानकारी देती है। यह तकनीक वीडियो असिस्टेंट रेफरी सिस्टम को वास्तविक समय में डेटा भेजती है।

### फाइनल में रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में लवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

शिवाजी स्टेडियम में पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर- विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पहले सेमीफाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3-1 से हराया। रेवले के लिए लालरेम्सियामी ने (सातवें), नवनीत ने (39वें) मिनट और वंदना कटारिया ने (50वें) मिनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। वहीं, साई के लिए गरलांका ने (53वें) मिनट में सांत्वना गोल दागा।

## इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को 69 रन पर ढ़ेर किया



**गुवाहाटी, वार्ता।** लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की टीम ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए और वह अच्छा स्कोर भी नहीं

● **इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए, सोफी नेट और डीन ने दो-दो विकेट लिए**

कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिए। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है। महिला विश्व कप में उनका पिछला दूसरा सबसे कम स्कोर भी इंग्लैंड के खिलाफ था जोकि उन्होंने कटक में 2013 में बनाया था। महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे कम ओवरों में आउट होने वाली एकमात्र टीम पाकिस्तान थी, जिसने 1997 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13.4 ओवरों में केवल 27 रन बनाए थे।

# सेना प्रमुख की दोटूक

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के अनूपगढ़ में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आतंकवाद को लेकर पाक को कड़ा संदेश दिया। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं और सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि सैनिक अपने आपको पूरी तरह तैयार रखें भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा। जाहिर है उनके कहने का आशय यही था कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने संयम बरता और केवल चुनिंदा टारगेट को ही अपना निशाने पर लिया। अब की बार ऐसा नहीं होगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। वहीं वायु सेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने भी शुक्रवार को पाक की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे को सिर्फ कहानियां जैसा बताया। उनके अनुसार सच्चाई यह है कि भारत ने ही पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह किए, जिसमें एफ 16 और जे 17 भी शामिल हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने पाक में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने इस तरह का दावा किया। अब से पहले वह नौ अगस्त को यह दावा कर चुके हैं, जब उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के पांच विमान गिराए गए थे। उन्होंने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि जिस तरह के दावे करते रहे हैं, उनको लेकर अगर उनके पास एक भी सबूत है तो वह सार्वजनिक रूप से दिखाएं। जबकि हमने उन्हें उनकी जगहों की सारी तस्वीरें दिखाई हैं। एमपी सिंह के अनुसार यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था, जिसमें हमने 80 से 90 घंटों के अंदर इतना नुकसान किया कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उन्हें पता चल गया कि अगर वह इस युद्ध को जारी रखते हैं तो इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने भारतीय डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वह बात करना चाहते हैं, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। इस युद्ध की सफलता का श्रेय उन्होंने राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। उनका कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को खुली छूट थी कि जैसे चाहें आगे बढ़ें। तीनों सेनाओं के बीच कॉर्डिनेशन भी बेहद कारगर साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। मतलब साफ है कि अब हमारी सेना आधुनिक युद्ध लड़ने में पूरी तरह तैयार है और निरंतर बेहतर होने का प्रयास कर रही है। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का अपने सैनिकों से यह कहना कि उन्हें हर समय तैयार रहना चाहिए और मौका जल्द मिलेगा, यह इस तरफ इशारा करता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक के खेबर पख्तूनवा में आतंकियों के नए अड्डे बनने की बात बराबर सामने आ रही है। इस बात को द्विवेदी ने भी स्वीकार किया है। मतलब साफ है कि पाक आतंकवाद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहा।

## आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे पाक



यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दो. हराएगा नहीं, सेनिक अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा, भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे, सीमा के पास रहने वाले लोगों को भारत आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है, वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं, यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है, 1965 और 1971 के युद्धों के समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।

**जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना प्रमुख**

# उसूल और इरादे के पक्के थे स्व. हर्षवर्धन

## पुण्यतिथि पर विशेष



**यशोदा श्रीवास्तव**

पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व. हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। महराजगंज जिले का जोगिया बारी गांव भ्रष्टाचार, सरकारी जुल्म और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष की रणनीति का केंद्र था। मुलायम सिंह के बाद यदि कोई दूसरा नेता जी नामधारी था तो वह हर्षवर्धन थे। लखनऊ और पूर्वांचल में वे इसी नाम से मशहूर थे। 1977 से लेकर 2016 के कुछ महीनों तक यह नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

लखनऊ छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए हर्षवर्धन यहीं के होकर रह गए। 1975 के आपातकाल के बाद 1977 का यह आम चुनाव जनता पार्टी के नाम रहा।लखनऊ से दिल्ली तक इंदरा गांधी की सरकार बदल चुकी थी। हर्षवर्धन परिवर्तन के इस लहर में भी चुनाव हार गए थे। उनके हारने का सिलसिला 1985 तक जारी रहा, लेकिन न तो वे हताश हुए और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग की उनकी धार कमजोर हुई। देखा जाए तो स्व. हर्षवर्धन के राजनीतिक सफर में जीत कम हार ज्यादे रही। वे 1985 में विधायक, 1989 में एमपी और कई चुनाव हारने के बाद 2009 में फिर एमपी चुने गए। विधायक जनता पार्टी से हुए, 1989 में एमपी जनतादल से हुए और 2009 में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पंहुचे हर्षवर्धन की खासियत यह रही कि वे जिस दल में रहे, आला कमान के सर्वाधिक प्रिय रहे। जनता पार्टी में चंद्रशेखर के करीब, जनता दल में वीपी सिंह के, बसपा में मायावती के भी करीब रहे और जब कांग्रेस में आए तो सोनिया और राहुल के भी बेहद करीब हो गए। कह सकते हैं कि स्व. हर्षवर्धन का दल बदलने का भी रिकॉर्ड रहा, लेकिन वे कभी कुर्सी और सत्ता के लिए दल नहीं बदले। वे वसूलों के पक्के थे, स्वाभिमानी और जमीर वाले नेता थे। उन्होंने जार्ज फर्नांडिस के करीबी होने का भी फायदा हासिल करने का मौका ठुकरा दिया था तब जब वे एनडीए का हिस्सा बने थे। हर्षवर्धन एनडीए को सांप्रदायिक दलों का गठबंधन मानते थे। चंद्रशेखर जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मंत्री पद ठुकरा कर वीपी सिंह के साथ जाना कबूल किया। सिद्धांत ऐसा था कि राजनितिक फायदे के लिए सांप्रदायिक शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया।

चार अक्टूबर को स्व।हर्षवर्धन की पुण्यतिथि पर उनके गांव जोगियाबारी में आयोजित कार्यक्रम उनकी स्मृति में एक पर्व जैसा होता है जहां यूपी और पूर्वांचल भर से उनके चाहने वालों का जमावड़ा होता है। यहां सभी नम आंखों से उन्हें याद करते हैं। यह आयोजन उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया नेत और चाचा आनंदवर्धन करते हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से उनके चाहने वाले उपस्थिति होकर उन्हें नम: आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। हर्षवर्धन किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों, जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक की उनकी लड़ाई देश भर में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल वे पूर्वांचल के जिलों में संघर्ष शील राजनीति के प्रेरणा पुरुष थे। हर्षवर्धन कभी लाभ के लिए दल नहीं बदले। सच यह है कि वे जिस दल में गए, वह दल ही शक्तिशाली हुआ। दल छोड़ा तो अपने लिए नहीं, जनसरोकार के लिए। उन्होंने बसपा को भी तब छोड़ा जब मायावती ने महराजगंज जिले का नाम बदलना चाहा। हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है। उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं। जबकि हर्षवर्धन उस सरकारी गाणी का इस्तेमाल केवल क्षेत्र में भ्रमण के लिए करते थे। एक बार का वाकया यूं है कि हर्षवर्धन को बनारस किसी जरूरी काम से जाना था। संयोग से कोई गाणी नहीं

**हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है।उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं।**



थी। एक साथी ने उसी सरकारी गाणी से बनारस चलने का सुझाव दिया। यह सुनकर वे आग बबूला हो गए। बोले जिस गलत काम के लिए वे लड़ते हैं, वहीं करने की सलाह दे रहे हो। उसे इस हिदायत के साथ अपने पास से हटा दिया कि दुबारा दिखना मत। स्व. वीर बहादुर सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। हर्षवर्धन विधायक थे। किसी बात को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से ठन गई। काफी मान-मनौव्वल हुआ। हर्षवर्धन तभी माने जब मुख्यमंत्री ने उनकी यह मानी कि जितने सरकारी ट्यूबवैल मुख्यमंत्री के क्षेत्र पनियरा में लगेंगे उतने ही हर्षवर्धन के विधानसभा क्षेत्र फरेंदा में लगेंगे। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त सर्वाधिक 57 ट्यूबवैल लगे थे जो क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण भाव की याद दिलाते रहते हैं। हर्षवर्धन समाजवादी विचारधारा के थे। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता संग्राम की थी। हर्षवर्धन के पिता स्व. योगेन्द्र पाल सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे जीवन पर्यन्त गरीबों मजदूरों के लिए लड़ते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों के तमाम प्रलोभनों को लात मारकर अंग्रेजों के खिलाफ किसी भी आंदोलन में जान को जोखिम में डालकर अग्रणी भूमिका में रहे। गरीबों और मजदूरों के प्रति दया भाव ऐसी थी कि वे खेतों में खुद ही हल संभाल लेते ताकि मजदूर कुछ पल विश्राम कर सके। स्व. हर्षवर्धन जीवन पर्यन्त अपने पिता के कदमों पर ही चलते रहे। ईश्वर ने उन्हें असीम पीड़ाएं भी दी। पत्नी विष्णु सिंह का असमय ही कैंसर से निधन हो गया। इसके कुछ साल बाद ही इकलौता बेटा भी काल के गाल में समा गया। उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इकलौती बेटी सुप्रिया नेता ही हैं। इतनी असीम पीड़ाओं को सीने में दफन किए हर्षवर्धन को स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ा। 2014 का चुनाव वे हार गए और गंभीर बीमारी के चलते ही चार अक्टूबर 2016 में उनका निधन हो गया। हर्षवर्धन के निधन के बाद कांग्रेस ने उनकी बेटी सुप्रिया नेत में कांग्रेस का भविष्य तलाश ली। सुप्रिया एक मशहूर टीवी चैनल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रकार थीं। वे पत्रकारिता छोड़ कर अपने पिता की विरासत संभालने महराजगंज आ गईं और अपने स्व. पिता हर्षवर्धन की राजनीतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहीं हैं। पिता की तरह वे भी गांधी परिवार के सर्वाधिक निकट हैं। उनमें भी पिता की तरह खुद्दारी कूट कूट कर भरा है। जूझारू पन और संघर्ष शीलता वैसी ही है जैसे हर्षवर्धन की थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धोखाधड़ी के दौर में नागालैंड का गांव है मिसाल

**भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है।**

आजकल के समय में चोरी और धोखाधड़ी इतनी ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण ज्यादातर लोग किसी पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान या कोई भी चीज सिर्फ ईमानदारी के भरोसे पर चलती है। अगर आपको भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए खास हो सकता है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुकानों में ताले नहीं लगाए जाते हैं और इसके बाद भी यहां पर कभी चोरी नहीं होती है।



**दुकानों पर नहीं लगते हैं ताले**

भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है। जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन दुकानदार नहीं हैं और दुकानों पर ताले भी नहीं हैं। भारत के नागालैंड के खोनोमा गांव अपने भरोसे और विश्वास के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नागालैंड का खोनोमा गांव**

नागालैंड के खोनोमा गांव पूरे भारत में ईमानदारी के लिए फेमस है। इस गांव में बिना दुकानदार के सालों से दुकानें लगी हुई हैं। जहां पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद सकते हैं। हालांकि यह फ्री नहीं है आपने जितने का सामान लिया है, उतने पैसे दुकान पर रखकर जा सकते हैं। गांव का कोई भी दूसरा व्यक्ति उन पैसों को नहीं छुएगा और न ही कोई धोखा देकर ज्यादा सामान लेकर जाएगा।

**जानिए भारत का पहला ग्रीन विलेज**

इस गांव के बारे में जानकर हैरान रह गए होंगे। कई रिपोर्ट्स की मानें, तो इस गांव में सालों से ईमानदारी के भरोसे पर रह रहे हैं। नागालैंड के इस अनोखे गांव यानी की खोनोमा गांव को भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहा जाता है। जोकि ईमानदारी के लिए फेमस है। यह गांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नहीं हुई चोरी और न कोई गुनाह**

बता दें कि इस गांव की ईमानदारी पूरे भारत में जानी जाती है। यहां पर इतने सालों से दुकानों में ताला नहीं लगता है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर न तो आज तक चोरी हुई और न कोई गुनाह हुआ है। इस गांव के लोगों में आज भी इतनी ईमानदारी है कि लोग जितने का सामान खरीदते हैं, उतने पैसे दुकान में जमा कर देते हैं।

# पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता



**योगेश कुमार गोयल**

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चौरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के लिए कइ जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं। तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है। 'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाक सैनिकों में फायरिंग

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बार्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### लॉस एंजिल्स के शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के एल सेगुंडो स्थित शेवरॉन रिफाइनरी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट की कई सूचनाएं प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग और अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। 324 वेस्ट एल सेगुंडो बुलेवार्ड स्थित इस रिफाइनरी का अपना अग्निशमन विभाग है, जो आग बुझाने के कार्य में लगा हुआ है और अब तक आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया है।

### पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर चर्चा होगा जिसमें सरकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ओटीटी और नियामकों समेत सभी संबद्ध पक्षों के दिग्गज स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कानूनों और सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। गैर-लाभकारी संगठन काउंसिल फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) दिल्ली में सात और आठ अक्टूबर को ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल के साथ मिलकर एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है।

### यूक्रेन ने किया नाटो महासचिव मार्क रूटे का आभार व्यक्त

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाटो के महासचिव मार्क रूटे से मुलाकात की और यूक्रेन के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए उनका और नाटो के सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने रूसी उकसावे का मुकाबला करने और पर्ल इनिशिएटिव में नए योगदान पर चर्चा की। हम यूक्रेन-नाटो सहयोग के ढांचे में अपने अगले कदमों पर सहमत हुए और आगामी रामस्टीन बैठक पर चर्चा की, जो रक्षा मंत्रियों के स्तर पर आयोजित की जाएगी। मैं यूक्रेन के प्रति उनके समर्थन के लिए मार्क और नाटो सदस्य देशों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करता हूं।

# अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति का दावा: मैं मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते



■ भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं
■ वहां के लोग कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके: पुतिन

**सोची।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पालिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है।

### दिसम्बर में चार साल बाद पुतिन भारत आएंगे

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसम्बर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नए साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसम्बर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इ



बोगो। फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए भूकंप के बाद प्रभावित हुए इलाकों में डर की वजह से लोग अपनों घरों के बाहर ही रह रहे हैं।

# फिलीपींस भूकंप से मरने वालों की संख्या 68 हुई

■ भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए

**मनिला।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई और घायलों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनडीआरआरएमसी की कार्यान्वयन शाखा, नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) ने कहा कि ये मरने वालों की संख्या आंतरिक और स्थानीय सरकार विभाग के मृत और लापता (एमडीएम) क्लस्टर के प्रबंधन पर आधारित थी। नागरिक सुरक्षा संचार एवं वकालत प्रभाग के प्रभारी अधिकारी डिएगो मारियानो ने कहा कि एमडीएम वह स्थान है जहां मृतकों की संख्या पर विशेष नजर रखी जाती है। मारियानो ने कहा कि कृपया यह ध्यान रखें कि एमडीएम का सत्यापन होने के बाद ही आंकड़े जारी करें हैं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि सेबू प्रांत के भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस भूकंप का केंद्र बोगो शहर में था। एनडीआरआरएमसी ने बताया कि इस भूकंप से 5013 घरों और 335 बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे तक एक से पांच तीव्रता तक के अभी तक 3952 झटके महसूस किए गए हैं।

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के चलते 51 लोगों की मौत

■ इसके अलावा 14 लोग लापता हो गए तथा 164 लोग घायल हुए

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं और 17000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देश में 8800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं।

### शराब के कारण प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों की होती है मौत

**कोलम्बो।** राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्य निषेध प्राधिकरण ने बताया कि शराब का सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों मौत होती है। श्रीलंका में विश्व संयम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्द निषेध प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आनंद रत्नायके ने मीडिया से बात करते हुए चेतावनी जारी की कि देश में शराब का सेवन लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। देश की 21 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। शराब के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के साथ विश्व संयम दिवस मनाया जा रहा है।

# अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

## कहा: हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, तीन की मौत, 1000 गिरफ्तार



1000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए व 354 लोग घायल हुए

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई।

वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डालर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्को के कासाब्लांका में युवा बेहतर स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया- स्टेडियम तो हैं, लेकिन अस्पताल कहां हैं? युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन-जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को काल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डाक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक और डिस्कार्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं।

## POK में पाक सेना की बर्बरता पर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों का जिम्मेदार ठहराया जाए



■ पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है।

हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 दिसम्बर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली डूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं। अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा। रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

### इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

# मेक्सिको के नागरिकों को तत्काल रिहा करे इजरायल: शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए छह मैक्सिकन नागरिकों की तत्काल रिहा करने की अपील की। इन अधिकारियों को गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक बेड़े को रोकने के बाद इजरायल के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया था।

सुशीनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान छह मैक्सिकन नागरिकों को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें अशदोद बंदरगाह में रखा गया है। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला पर सवार हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को अभी तक राजनयिक सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे उन्हें एक हिरासत केंद्र में ले जा रहे हैं। मैक्सिकन वाणिज्य दूतावास ज़रूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां तैयार है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचे और गाजा के खिलाफ इस आक्रमण को रोका जाए। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तुरंत कार्रवाई जारी रखेगा। हिरासत में लिए गए हमवतन लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा और सभी संभव कानूनी और राजनयिक तरीकों से उनकी शीघ्र वापसी की मांग करेगा।

# POJK में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

■ इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है।

इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीओजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका। इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# लानत: पाक पुलिस ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को पीटा

## POK में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने दिए जांच के आदेश



■ इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया।

यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकार्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।

